श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 170, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 19 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए को 'इंडिया' देगा टक्कर, विपक्षी गुट को मिला नया नाम, यह एनडीए और इंडिया की लड़ाई है, नरेंद्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है: राहुल गांधी

# 'मोदी' से 'इंडिया' की होगी टक्कर

**बेंगलुरुः आगामी** 2024 लोकसभा चुनाव का रोडमैप तैयार करने में विपक्ष जुट चुकी है। बेंगलुरु में संयुक्त विपक्ष की दूसरे दिन की बैठक में कांग्रेस समेत कुल 26 दल के नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्षी दलों के गुट को एक नया नाम मिल गया है। अब इस गुट को 'इंडिया' के नाम से पुकारा जाएगा। ये सभी विपक्षी दल 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होंगे। यूपीए का नाम बदलकर इंडिया कर दिया गया है। यूपीए का नाम बदलने का प्रस्ताव कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेश किया, जिसका सभी ने समर्थन किया।

कठऊकअ का क्या है फुल फॉर्म

'कठऊकअ' का फुल फॉर्म है, जिसे 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस' नाम दिया गया है। गौरतलब है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए की जगह अब विपक्षी दलों के गुट को 'इंडिया' कहा जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आधिकारिक रूप से गुट का नाम बदलने का एलान कर दिया है। बेंगलुरु में आयोजित हुए इस बैठक में कांग्रेस समेत कुल 26 दल के नेता शामिल हुए। नेताओं की बात करें तो सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, शरद पवार से लेकर अरविंद केजरीवाल तक बैठक में मौजूद थे।

मंबई में होगी अगली बैठकः बता दें कि विपक्ष गुट का नाम बदल दिए जाने के बाद राजद ने भाजपा पर तंज कसा है। राजद ने कहा है कि अब भाजपा को इंडिया कहने में भी तकलीफ होगी। विपक्ष दलों की अगली बैठक मुंबई में आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बाद घोषणा की गई कि 11 नेताओं की समन्वय समिति बनाई जाएगी।

'नरेंद्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एनडीए और इंडिया की लड़ाई है। नरेंद्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है। उनकी विचारधारा और इंडिया के बीच की लड़ाई है। हमने निर्णय लिया है कि हम एक एक्शन प्लान तैयार करेंगे और एक साथ मिलकर देश में हमारी विचारधारा और हम जो करने जा रहे हैं उसके बारे में बोलेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। देश की आवाज को कुचला जा रहा है, यह लड़ाई देश के लिए है। इसलिए इंडियन नेशनल डेवेलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम चुना गया।




### कुनबा बढ़ रहा है, यह अच्छी बात है: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 पार्टियां एकत्रित हुई, यह दूसरी मीटिंग थी और यह अच्छी बात है कि कुनबा बढ़ रहा है। आज 26 पार्टियां अपने लिए एकत्रित नहीं हुए हैं, हमें एक तरफ देश को नफरत से बचाना है और दूसरी तरफ एक नए भारत का सपना लेकर हम सब इकट्ठा हुए हैं।

विचारधारा अलग लेकिन हम देश के लिए एकजुट हुए: विपक्ष नेताओं की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि राजनीति में विचारधारा अलग तो होती ही है लेकिन हम देश के लिए एक हुए हैं। लोगों को लगता है कि हम परिवार को बचाने के लिए एक हुए हैं, देश हमारा परिवार है और उसे बचाने के लिए हम एक हुए हैं। इस तानाशाह सरकार के खिलाफ हम लड़ेंगे।

मोदी जी पहले गठबंधन की बात तक नहीं करते थे: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारी एकता को देखकर मोदी जी ने 30 पार्टियों की बैठक बुलाई है।

### विपक्ष के एकजुट होने की कई वजहें

**नई दिल्ली: मंगलवार** देश की सियासत के लिए काफी बड़ा दिन है। एक तरफ दिल्ली में भाजपा की अगुआई में एनडीए की बैठक हुई तो दूसरी ओर बेंगलुरु में विपक्षी दलों का संगम हुआ। विपक्षी दलों की इस बैठक में कुल 26 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में गठबंधन के नाम पर मुहर लग गई। विपक्षी दलों के इस गठबंधन का नाम 'इंडिया' रखा गया है। खैर, इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम मतभेदों के बावजूद आखिर वो कौन से कारण हैं, जिनकी वजह से ये सभी विपक्षी दल एकजुट होने के लिए तैयार हैं। वह भी तब जब इसमें शामिल किसी भी दल की आपस में नहीं बनती है।

विपक्षी दलों की बैठक में क्या-क्या फैसले लिए गए?

विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम इंडिया होगा। इसका मतलब इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस है। सभी विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए एकसाथ आने का फैसला लिया है। विपक्ष की अगली बैठक अब मुंबई में होगी।

चुनाव के लिए दिल्ली में सचिवालय स्थापित किए जाएंगे।

11 सदस्यों की समन्वय समिति का गठन होगा।

जांच एजेंसियों की कार्रवाई: इस वक्त जांच एजेंसियां पूरे देश में छापेमारी जैसी कार्रवाई कर रही हैं। सोनिया गांधी-राहुल गांधी से लेकर केसीआर, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल तक किसी न किसी तरह के आरोपों से घिरे हुए हैं। ये एक ऐसा मुद्दा है, जिसको लेकर सभी दलों की राय एक है। सभी ने इसके खिलाफ सरकार पर हमला बोला है।

## एक चेहरे पर कई चेहरे लगा लेते हैं लोग'

### लेबल कुछ और माल कुछ और', विपक्षी दलों की बैठक पर पीएम मोदी का तंज




**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों की बैठक को लेकर हमला बोला। विपक्षी दलों की बैठक पर पीएम ने शायराना अंदाज में कहा कि एक चेहरे पर कई चेहरे लगा लेते हैं कुछ लोग।

परिवारवाद पर पीएम मोदी का हमला: पीएम मोदी ने परिवारवाद की राजनीति पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग देश के लोकतंत्र को और देश के संविधान को अपना बंधक बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इनके लिए मैं यही कहना चाहूंगा कि नफरत है, घोटाले हैं, तुष्टिकरण है, मन काले हैं।

पीएम मोदी ने अवधी भाषा में एक कविता सुनाई और इसका मतलब बताया। उन्होंने कहा इन्हें देखकर मुझे एक कविता की कुछ लाइनें याद आ गई है, जो अवधी भाषा में लिखी गई है... गाइत कुछ है, हाल कुछ है, लेबल कुछ है, माल कुछ है। 2024 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों पर ये बिल्कुल सटीक बैठता है।

विपक्षी दलों की बैठक पर पीएम का निशाना: पीएम मोदी ने कहा कि इनके (विपक्षी दल) लिए देश का विकास मायने नहीं रखता है।

## भाजपा की नीतियों और महंगाई से जनता त्रस्त : अखिलेश यादव

**लखनऊः देश** की दो तिहाई जनता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ है। भाजपा की नीतियों, महंगाई, शासन व्यवस्था से जनता त्रस्त है। इसीलिए भाजपा का सत्ता से बाहर होना जरूरी है। यह बातें कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने गए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कही। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी विपक्षी दलों के प्रमुख यहां इकट्ठा हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि बेंगलरु में आयोजित इस बैठक में करीब 26 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए हैं। इस बैठक में विपक्षी गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) रखने की घोषणा की गई है।

## मानसून सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्लीः मानसून** सत्र से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। यह एक औपचारिक बैठक होगी जो संसद सत्र शुरू होने से एक दिन पहले शाम में होगी। इस बैठक में सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों समेत प्रधानमंत्री मोदी भी शिरकत करेंगे।

पहले मंगलवार को होनी थी बैठकः बता दें कि पहले यह सर्वदलीय बैठक राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को बुलाई थी लेकिन अधिकतर पार्टियों के नेताओं की अनुपलब्धता के चलते यह बैठक टाल दी गई।

इस साल कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। विपक्ष जहां मंगलवार को बेंगलुरु में बैठक कर रहा है, वहीं एनडीए दिल्ली में बैठक कर रहा है।

हंगामेदार रहेगा मानसून सत्रः मानसून सत्र के हंगामेदार होने का अनुमान है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष सरकार के खिलाफ हमलावर रुख अपनाएगा। साथ ही महंगाई, मणिपुर संकट जैसे मुद्दों को लेकर भी विपक्ष, सरकार को निशाने पर ले सकता है। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ गया था।

## मणिपुर में सरकारी कर्मचारी ऑफिस आने को तैयार नहीं



**इंफालः मणिपुर** में 'नो वर्क नो पे' के आदेश के बावजूद सरकारी कर्मचारी अपने इलाके छोड़ कर दफ्तरों में लौटने को तैयार नहीं हैं। घाटी में रहने वाले कुकी कर्मचारी अपने पर्वतीय इलाकों में चले गए थे और पर्वतीय इलाकों में तैनात मैतेई जनजाति के कर्मचारी घाटी में हैं।

इनमें करीब 1400 पुलिसवाले भी शामिल थे। पिछले महीने के आखिर में सरकार ने नो वर्क नो पे का आदेश जारी करते हुए चेतावनी दी कि काम पर नहीं लौटने वालों को वेतन नहीं मिलेगा। कुकी संगठनों ने सरकार के इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। तब सरकार ने अपने आदेश में संशोधन करते हुए सरकारी कर्मचारियों को अपने-अपने इलाकों में हाजिरी देने की परमिशन दी है।

मैतेई समुदाय के इलाके में सरकारी दफ्तर, कुकी लोग जाने से डर रहेः कुकी जनजाति के कर्मचारियों की दिक्कत यह है कि ज्यादातर सरकारी दफ्तर मणिपुर घाटी में हैं, जो मैतेई का गढ़ है। कुकी आदिवासियों के संगठन कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) के महासचिव के. गांग्टे ने कहा है कि कुकी कर्मचारियों के लिए घाटी में लौटने का मतलब मौत को न्योता देना है।

कुछ पुलिसवाले नहीं लौटे, सुरक्षा प्रभावितः हिंसा की शुरूआत में ही करीब डेढ़ हजार पुलिस वाले भी ड्यूटी से गायब हो गए थे। अब काफी समझाने-बुझाने के बाद ज्यादातर पुलिस वाले वापस काम पर लौट आए हैं। लेकिन करीब 50 लोग अब भी बिना बताए छुट्टी पर हैं।

राज्य में पहले ही स्वीकृत से पदों कम कर्मचारी हैं: सरकारी कर्मचारियों के 1.17 लाख स्वीकृत पदों की तुलना में फिलहाल 70 हजार कर्मचारी हैं।

# सहारा रिफंड पोर्टल का हुआ शुभारंभ

### इस पोर्टल का उद्देश्य सहारा समूह से जुड़े करोड़ों जमाकताओं को अपना पैसा वापस लेने में मदद करना है

**नई दिल्लीः केंद्रीय** गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली में सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल का उद्देश्य सहारा समूह से जुड़े करोड़ों जमाकताओं को अपना पैसा वापस लेने में मदद करना है।

क्यों बना पोर्टल, क्या है इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर?: सहकारिता मंत्रालय ने सहारा समूह की सहकारी समितियों के वास्तविक सदस्यों/जमाकताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए 17 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 29 मार्च, 2023 को अपने आदेश में सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को सहारा समूह की सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकताओं के वैध बकाये के भुगतान के लिए 'सहारा-सेबी रिफंड खाते' से 5000 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने का निर्देश दिया था।




सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल का उद्देश्य क्या है?: सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल उन जमाकताओं के वास्तविक दावों को संबोधित करने के लिए विकसित किया गया है, जिन्होंने सहारा समूह की सहकारी समितियों में पैसा निवेश किया था, जिसमें सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड शामिल हैं। सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में लगभग 2.5 करोड़ लोगों के 30,000 रुपये तक जमा हैं।

सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल लिंक और कार्यक्षमता

सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल का लिंक सहकारिता मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हालांकि, पोर्टल का ऑनलाइन लिंक 2 जुलाई को दोपहर 02.40 बजे तक एक्टिव नहीं हुआ है। इसके जल्द ही एक्टिव होने की संभावना है।

## भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्लीः दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को अंतरिम जमानत दे दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने ये आदेश दिया। बृजभूषण शरण सिंह ने कोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दायर की है, जिस पर कोर्ट 20 जुलाई को सुनवाई करेगा। इससे पहले 7 जुलाई को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। कोर्ट के समन के बाद आज दोनों आरोपित पेश हुए थे। दिल्ली पुलिस ने 15 जून को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह बालिग महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में चार्जशीट दाखिल की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### मीरजापुर के 85 अनाथ बच्चे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से आच्छादित

## अनाथों के नाथ बने योगी, वरदान बनी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना

**मीरजापुरः अनाथों** के नाथ बने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अनाथ बच्चों का पालनहार बन वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत उन बच्चों को कवर किया जा रहा है जो अपने माता-पिता को खो चुके हैं। ऐसे में उनके अभिभावक के खाते में उनकी पढ़ाई-लिखाई और पालन पोषण के लिए पैसे भेजे जाते हैं।



जनपद में ऐसे 85 बच्चे चिह्नित किए गए हैं जिनके अभिभावक के खाते में गत मार्च माह में 4000 रुपये प्रति महीने के हिसाब से प्रति बच्चे को प्रति छमाही 24 हजार रुपये भेजे गए। अब आगामी सितंबर माह में इन बच्चों के अभिभावकों के खाते में कुल 20 लाख 40 हजार रुपये भेजे जाएंगे। जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों के मुताबिक मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जनपद में ऐसे बच्चों को चिह्नित किया गया है, जो कोविड काल में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। बड़ी बात यह है कि कोरोना रूपी दानव ने जब इन बच्चों के सिर से माता-पिता की छाया छीना तो इनके संरक्षण व पढ़ाई-लिखाई का जिम्मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद उठाया और इसके लिए 30 मई 2021 को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरूआत की। योजना के तहत बाल देख-रेख संस्थाओं में आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। वहीं जीरो से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की देखभाल के लिए 4000 रुपये प्रतिमाह दिए जाने का प्रविधान है।

### गुलाबी पत्थर की आभा से दमकते विंध्य कॉरिडोर की सुंदरता को लगेगा चार चांद

## देश-दुनिया को रोमांचित करेगा रौशनी से चकाचौंध विंध्य कॉरिडोर

**मीरजापुर। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर का निर्माण होने से जगविख्यात विंध्यवासिनी धाम का नव्य-भव्य स्वरूप होगा ही, आकर्षक विद्युत लाइट गुलाबी पत्थर की आभा से दमकते विंध्य कारिडोर की सुंदरता को चार चांद लगाएंगी और विंध्यवासिनी धाम जगमगा उठेगा। वहीं रौशनी से चकाचौंध सांझ बेला में श्रद्धालुओं को रोमांचित करेगी। इसके लिए आकर्षक विद्युत पोल लगाए जाएंगे। खास बात यह है कि विंध्य कॉरिडोर के लिए चार सौ केवीए के चार ट्रांसफार्मर अलग-अलग स्थान पर लगाए जाएंगे। इससे 24 घंटे निर्वाध विद्युत आपूर्ति होगी यानी विंध्यवासिनी धाम बिजली ट्रिपिंग व कटौती की समस्या से मुक्त होगा।



दरअसल, काशी विश्वनाथ की तर्ज पर 331 करोड़ की लागत से निमाणाधीन विंध्य कॉरिडोर को चमकाने के लिए 11 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से विद्युत व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कवायद शुरू कर दी गई है। खास बात यह है कि विद्युत व्यवस्था भूमिगत होगी। इससे किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका नहीं होगी। विंध्यवासिनी मंदिर तक पहुंचने के चार प्रमुख मार्ग पुरानी वीआईपी, न्यू वीआईपी, कोतवाली गली व पक्का घाट मार्ग पर भूमिगत विद्युत तार बिछाए जाएंगे। वहीं चार सौ केवीए के दो ट्रांसफार्मर पुरानी वीआईपी मार्ग पर नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास लगेगा और तीसरा ट्रांसफार्मर बंगाली तिराहा पर सामुदायिक केंद्र के पास लगेगा। चौथा ट्रांसफार्मर बरतर तिराहा स्थित पर्यटन निगम के लाज के पास लगेगा। विद्युत विभाग की मानें तो विंध्यधाम में विद्युत व्यवस्था बेहतर होगी। इसके लिए सभी तार बदले जाएंगे। अधिकांश विद्युत तार भूमिगत किए जाएंगे।

## बेटे की फीस के लिए मां बस के सामने कूदी

**चेन्नईः तमिलनाडु** में एक महिला ने चलती बस के सामने आकर आत्महत्या कर ली ताकि उसके बेटे की कॉलेज फीस का इंतजाम हो सके। महिला कलेक्टर ऑफिस में सफाई कर्मी थी।

पुलिस के मुताबिक, महिला को किसी ने बताया था कि अगर दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो जाती है तो परिवार को मुआवजे के तौर पर 45 हजार रुपए मिलेंगे। महिला इस बहकावे में आ गई। घटना तमिलनाडु के सेलम जिले में 28 जून की सुबह हुई। इसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पति के देहांत के बाद दो बच्चों को पाल रही थी महिलाः महिला का नाम पपथि (46 साल) था। हाल ही में उसके पति का देहांत हुआ था। महिला के दो बच्चे एक लड़का और एक लड़की है। बेटी की कॉलेज की पढ़ाई पूरी हो गई है, बेटा प्राइवेट कॉलेज में ग्रेजुएशन कर रहा है।

पुलिस ने बताया कि घटना की शुरूआती जानकारी में पता चला कि सेलम की सेकेंड अग्रहारम स्ट्रीट पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से महिला की मौत हो गई। जब हमने सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि यह हादसा नहीं, बल्कि आत्महत्या है। पपथि ने पहले एक बस के सामने आने की कोशिश की, लेकिन तब वह टू-व्हीलर से टकराकर गिर गई थी। इसके कुछ देर बाद वह दूसरी बस के सामने आ गई।

रिश्तेदारों से फीस के लिए कर्ज मांगा पर नहीं मिलाः

पुलिस ने जब महिला के परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसियों से बात की तो पता चला कि उसने अपने बेटे की कॉलेज फीस चुकाने के लिए 45 हजार रुपए कर्ज के तौर पर मांगे थे, लेकिन कहीं से भी पैसों का इंतजाम नहीं हो पाया।

## खबर संक्षेप

### फिर से मंदिर में गंदगी फैलाए जा रहा

#### दो दिन पहले विरोध करने पर पुजारी को किया था लहूलुहान

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के ओठगी तरहार गांव के पश्चिम तालाब पर बने सार्वजनिक मंदिर परिसर में गंदगी फैलाए जाने तथा बरगद का पेड़ काटे जाने का विरोध करने पर मंदिर के पुजारी को शेषधर प्रजापति पुत्र रामखेलावन प्रजापति निवासी गिधार थाना लालापुर ने दो दिन पहले पत्थर मारकर लहूलुहान कर दिया था ।ग्रामीणों ने बताया की रामखेलावन प्रजापति हिंदू धर्म विरोधी व नास्तिक व्यक्ति है। इसके घर के लोग फिर से जानबूझकर मंदिर परिसर में तथा मंदिर परिसर में लगे हैंडपंप पर घर का जूठा बर्तन धोकर गंदगी फैलातें हैं और मना करने पर यह कहते हैं कि यह मंदिर किसी के बाप का नहीं है, हमारी जो मर्जी होगी वह हम करेंगे। बता दें कि रामखेलावन प्रजापति बहुत पुराना दस नंबरी व्यक्ति है, जो लालापुर निवासी रामभरोस विश्वकर्मा तथा उठगी तरहार की एक महिला की हत्या के जुर्म में अभियुक्त भी रह चुका है। इसके पास आज भी नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है। दो दिन पहले सुबह जैसे ही मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पुजारी अशर्फी लाल यादव पहुंचा हैंडपंप पर फैली हुई गंदगी देखकर कहा ये अच्छी बात नहीं है और कहासुनी होने लगी, तभी शेषधर प्रजापति पुत्र रामखेलावन प्रजापति ने अशर्फी लाल यादव को पत्थर मारकर लहूलुहान कर दिया था मंदिर के व्यवस्थापक पवन तिवारी द्वारा मंदिर के पुजारी को थाना लालापुर में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करा दिए लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ रहा है आएसा लग रहा है की प्रसाशन का कोई डर नहीं है।

### आम तोड़ने चढ़े युवक की करंट के चपेट में आने से हुई मौत

**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिरावल गांव में मंगलवार को दोपहर बाद दो बजे के आसपास आम के पेड़ पर आम तोड़ने चढ़ा युवक 11000 वोल्ट करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के सिरावल गांव निवासी दिलशाद पुत्र वाहिद अली (15) दोपहर बाद आम के पेड़ पर आम तोड़ने चढ़ गया और आम के पेड़ के ऊपर से गुजरे 11,000 बोल्ट करंट की चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जब ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता हुआ शव देखा तो सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची कोरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भतीजे ने चारपाई की पाटी से पीट पीट कर चाचा को उतारा मौत के घाट

**दिन दहाड़े हुई इस वारदात से इलाके मे सनसनी, तनाव को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस तैनात, मुख्य आरोपी के अलावा तीन अन्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** बच्चो के विवाद कथित एक युवक द्वारा अपने ही चाचा की चारपाई के पाटी से पीट पीट कर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंची मेजा पुलिस हत्यारे युवक के साथ साथ तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जांच परताल कर कार्यवाही मे जुट गई है दिन दहाड़े हुई इस वारदात से जहा इलाके मे सनसनी फैल गई है वही गांव मे तनाव का माहौल कायम है प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के लोटाढ़ गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के लोटाढ़ गांव मगंलवार को सुबह बच्चो की मामूली विवाद में भतीजे आफताब ऊर्फ गुंडा व उसके चाचा इसरार ऊर्फ अन्ना (36) के बीच कहा सुनी हो रही थी देखते ही देखते मार पीट होने लगी मारपीट के दौरान आफताब ऊर्फ गुण्डा ने बगल में रखी चारपाई की पाटी इसरार के ऊपर ताबड़ तोड़ वार करने लगा जिससे इसरार लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा आनन फानन में परिवार के लोग अस्पताल लेकर जा रहे थे की रास्ते मे इसरार ऊर्फ अन्ना की मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही इसरार के घर में जहां मातम छा गया वही आरोपी भतीजा घर छोड़ कर फरार हो गया तत्पश्चात घटना की सूचना मेजा पुलिस को दी गई सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा मय फोर्स तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल की करवाई मे जुट गये। गौरतलब है कि दिन दहाड़े उक्त गांव में हुई हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है तथा गांव मे व्याप्त है तनाव को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है इस सम्बंध में थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि हत्या मे प्रयुक्त चारपाई की पाटी वह आरोपी युवक आफताब ऊर्फ गुण्डा के अलावा इंमतियाज अली,इसराइल, व नाजमीन को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बता दे कि मृतक इसरार व उसके भतीजे आफताब का पूर्व से ही कोई विवाद चला आ रहा था जिसकी जानकारी मेजारोड़ चौकी पुलिस को थी यदि चौकी पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए समय रहते कोई कारवाही की होती तो शायद इसरार की हत्या न होती।

### वीर सेनानी मंगल पांडे की जयंती पर कार्यक्रम आज

**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज के केन्द्रीय कार्यालय पुरुषोत्तम पुर उर्फ गारापुर में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडे की जयंती के अवसर पर 19 जुलाई बुधवार को निम्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष लवकेश मिश्र ने दी है।

### कालू महादेव मंदिर रस्तीपुर जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण

**जंघई।** सराय ममरेज थानांतर्गत ग्राम पंचायत रस्तीपुर में स्थित प्राचीन भगवान शिव मंदिर कालू महादेव तक जाने वाली चक मार्ग संख्या 1586 पर सगीर पुत्र मखमूल नाम का युवक जबरन घर का निर्माण कर रहा है जिसके कारण सावन मास में शिव का जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन करने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रस्तीपुर गांव के निवासी समाजसेवी आशुतोष तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों को भगवान के पूजन अर्चन में बाधा आ रही है भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर है गांव एवं क्षेत्र के हजारों लोगों की आस्था कालू महादेव मंदिर से जुड़ी हुई है बार बार मना करने के बावजूद सगीर ने निर्माण कार्य नहीं रोका है जिससे ग्रामीणों में तनाव एवं आक्रोश व्याप्त है इसलिए मैं प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग करता हूं कि चक मार्ग को खाली कराकर खड़ंजे का निर्माण कराया जाए ताकि भोलेनाथ के भक्तों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## न्यूज झरोखा

### हाईवे पर खड़ी अज्ञात वाहन में घुसी आम से भरी मैजिक व्यापारी की मौत



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के रहीम पट्टी सत्यम ढाबा के पास हाइवे पर खड़े अज्ञात वाहन में आम से भरी मैजिक पीछे से घुस गई ।वही आम व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई ।वहीं चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। हाईवे पर खड़ा आज्ञात वाहन भी अंधेरे का फायदा उठाते हुए रफूचक्कर हो गया। प्रतापगढ़ जिले के मानिकपुर थाना गढ़ी निवासी राधेश्याम सोनकर जो आम की बाग लेकर आम बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। कौशांबी कसरिया में आम की बाग लेकर आम बेचने का काम कर रहा था। रोज की तरह सोमवार की रात मैजिक में आम लेकर वाराणसी के लिए बेचने के लिए निकला ।जैसे ही देर रात 1 बजे के करीब उतरांव थाना क्षेत्र के सत्यम ढाबा के पास पहुंचा ही था कि हाईवे की पटरी पर खड़ी अज्ञात वाहन में तेज रफ्तार मैजिक पीछे से भिड़ गई ।टक्कर लगते ही मैजिक चालक मौके से फरार हो गया। वही हाईवे पर खड़ा अज्ञात वाहन भी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से रफूचक्कर हो गया। पीछे लगी आम की अन्य गाड़ियां दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस कई घंटे बाद जेसीबी के माध्यम से अंदर फंसे आम व्यापारी को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। मौके पर ही आम ब्यापारी मौत हो गई ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मृतक का बेटा सौरभ की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ दुर्घटना अधिनियम के तहत व अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ ।मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था ।मृतक के चार बेटे और दो बेटियां हैं। व्यापारी की मौत से पत्नी सोनम देवी बेटी बेटे समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### नैनी थाना परिसर में संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक



**नैनी।** नैनी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक नैनी वीरेंद्र यादव के निर्देशन में थाना परिसर नैनी में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अपराध निरोधक कमेटी के यमुनानगर यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकमार्जी के द्वारा थाना प्रभारी को अंग वस्त्र और सेवा पथ पुस्तिका व हनुमान चालीसा चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया गया। इस मौके पर आने वाले पर्व के विषय में बातचीत हुई जिसमें कई समाजसेवी कमेटी के सदस्यों ने थाने में उपस्थित दर्ज की जिसमें से एसपीओ पुलिस मित्र की टीम व नागरिक सुरक्षा एवं व्यापार मंडल वा ताजियादारो ने हिस्सा लिया। बैठक में सभी ने अपनी अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सेवा प्रदान करने की बात रखी और शांति पूर्वक ढंग से ताजिया जैसे पर्व को कुशलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए कमर कसी । इस दौरान जिला अपराध निरोधक कमेटी यमुनानगर यूथ टीम प्रभारी ने कहा जैसे कि सावन माह में कमेटी के द्वारा ड्यूटी दी जा रही है, वह बराबर चलती रहेगी,इस बीच में आने वाले सभी त्योहारों में भी हम सेवा प्रशासन के साथ मिलकर देते रहे हैं और आगे भी देते रहेंगे।

### प्रेम ही परमात्मा को प्राप्त करने का एक मात्र साधन है



**बारा।** बारा के रिगवां मोड़ स्थित शिवम गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर वृंदावन के कथावाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि भारतवर्ष के समस्त धर्मग्रंथ रामायण, शिवपुराण, महाभारत सहित वेदों में एक बात निर्विवाद रूप से प्रदर्शित होती है कि नारायण सिर्फ प्रेम के भूखे हैं। श्रावण मास में भोलेनाथ के महात्म्य पर बोलते हुए कहा कि सृष्टि के पालनकर्ता भोलेबाबा ही हैं। आज कलिकाल में उनकी कृपा सभी पर बनी हुई है। कथा में मुख्य रूप से योगेश शुक्ल, गया प्रसाद त्रिपाठी, मुकेश उपाध्याय प्रधान, राधेमोहन पाल, संतोष शुक्ला, सुमन्त भार्गव, राजकुमार केसरवानी, सत्यम मिश्रा, सुखलाल केसरवानी, सुरेश केसरवानी, कमलेश मिश्रा, गुलाब शुक्ल, बैजनाथ सोनी, सूबेदार कुशवाहा, अशोक यादव, नरेंद्र चौहान, पन्ना लाल जायसवाल, बृजेश जायसवाल, दशरथ केसरवानी, रोशनलाल शर्मा, रामबहादुर शुक्ल सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन हरिकेश शर्मा ने किया।

### सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाएं मोहर्रम का त्योहार : विनोद कुमार सिंह



**कोरांव।** थाना कोरांव में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी तहसीलदार वी के सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए लोगों से सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाए जाने का आह्वान किया,और विद्युत विभाग को तथा सफाई कर्मियों को जिन जिन गांवों में ताजिया निकलती हैं उन ग्रामों में विद्युत समस्या और सफाई के विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने सभी ताजियादारो से समस्याओं की जानकारी ली। और शांति पूर्ण ढंग से पर्व मनाए जाने की अपील किया। और आश्वस्त किया की कोई समस्या उत्पन्न हो तो तुरंत अवगत कराएं हम शांति व्यवस्था के लिए कृत संकल्प हैं। उन्होंने बताया कि सभी वर्ग के लोग इस पर्व को मनाते हैं यहां की मिसाल काबीले तारीफ है। ओम केसरी चेयरमैन कोरांव ने भी नगर में अपने साफ सफाई तथा शांति व्यवस्था के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कही। बैठक में काफी आम जन और ताजियादार तथा सभी थाने के उपनिरीक्षक गण आदि कर्मी ग्राम प्रधान पत्रकार,सोसल वर्कर लोग उपस्थित रहे।

### उग्रसेनपुर निवासी अतुल बनकटा जिला कांग्रेस सचिव नियुक्त



**प्रतापपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल साबरी के निर्देश पर गंगापार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेश चंद यादव ने उग्रसेनपुर निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता अतुल बनकटा को कांग्रेस कमेटी का जिला सचिव नियुक्त किया है। बनकटा की नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों ने अतुल बनकटा को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में सोनू दुबे, संजय तिवारी, साधु चरण तिवारी, कृपा शंकर मिश्रा, प्रकाश यादव, गुलाब यादव, राजेंद्र भारतीय, दयाशंकर यादव आदि ने बधाई देते हुए बनकटा के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### रस्तीपुर के कांवरियों ने कुंदौरा धाम में किया जलाभिषेक



**जंघई।** सावन मास के अवसर पर कुंदौरा महादेव मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक रस्तीपुर के कांवरियों द्वारा किया गया। रस्तीपुर से कांवरिया लोग नाचते गाते हुए गंगाजल एवं कांवर लेने हेतु दशा सुमेर घाट प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज से कांवर यात्रा शुरू हुई जो कि प्रसिद्ध मंदिर कुंदौरा महादेव धाम प्रांगण में संपन्न हुई और शिव भक्तों ने भगवान का जलाभिषेक किया। कांवरियों में कृष्ण कुमार दुबे खिलाड़ी भैया, प्रकाश कुमार दुबे बब्बू, वंशराज उपाध्याय राजू, महेंद्र शुक्ला बऊ, राजकुमार पांडेय राजू, मुकेश शर्मा नाटे आदि लोग मौजूद रहे।

## सहसों में किसानों को बताया गया जल संरक्षण का उपाय




**सहसों।** भूगर्भ जल विभाग द्वारा जल संरक्षण के लिए भूजल सप्ताह कार्यक्रम हर विकास खण्डों में चलाया जा रहा है। इसी प्रकार विकास खण्ड सहसों के सभागार में मंगलवार को भूजल सप्ताह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह एवं विकास खण्ड अधिकारी देव कुमार यादव ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण एवं बचाव के लिए विस्तार से बताते हुए कहा कि खेतों की सिंचाई क्यारी बनाकर करें, सिंचाई पक्की नाली बनाकर करें, फसलों एवं बगीचों की सिंचाई सुबह करें, अधिक जल खपत वाली फसल न उगाई जाए जैसे अनेक प्रकार के उपाय बताए गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडीओ एम आई गिरजा शंकर यादव, सच्चिदानंद पटेल, संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , नरेन्द्र दूबे एडीओ पंचायत, विजय बहादुर, अरुण तिवारी, आसमा सिंह, ललिता यादव, शशि यादव, अश्वनी कुमार, राम बहादुर, अविनाश सिंह, आलोक त्रिपाठी सहित आदि ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

## भैसों से लदी ट्रक गायब पांच लाख की मांगी गई रंगदारी मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ब्लाक बाजार से दुधारू भैंसों को कारोबारी एक ट्रक पर अपने आदमी को बैठा कर भेजा। किन्तु खलासी को बंधक बनाकर दस हजार रुपये मोबाइल छीन कर मालिक से पांच लाख रुपये गुंडा टैक्स मंगवाई न मिलने पर मजदूर को फेंक दिया गया। किसी तरह मजदूर आ कर सारी बात बताई तो मालिक ने आधा दर्जन के खिलाफ सात लाख 87 हजार रुपये की भैंसों को लूटने का मुकदमा दर्ज करा दिया ।पुलिस ने कई को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मऊआइमा के साप्ताहिक ब्लाक बाजार से मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मौलाना निवासी पशुओं का कारोबारी रईस अहमद पुत्र अख्तर ने बाईस दुधारू भैंस सात लाख 87 हजार रुपये का खरीद कर रविवार को देर शाम ट्रक चालक से भाडा तय कर कानपुर के लिए रवाना करवा दिया। बताया गया है कि जब ट्रक मऊआइमा से चली तो पीछे पीछे एक सफेद रंग की स्कार्पियो लग गयी। बताया गया है कि जैसे मवेशियों से लदी ट्रक कंचनपुर और अमानगंज के बीच पहुंची तभी ट्रक चालक इप्पू उर्फ साकिब पुत्र साकिर अली ग्राम तौकलपुर थाना सोरांव निवासी ट्रक से उतर गया तथा ट्रक साहिल पुत्र अज्ञात चंदापुर फाफामऊ चलाने लगा।यही नहीं मजबूर सुरेंद्र कुमार को लिया। यह सब सुरेंद्र कुमार देख रहा था। बताया गया है कि जैसे ट्रक एंव स्कार्पियो कानपुर मार्ग हाईवे पर पहुंची थाना नवाबगंज के पास ट्रक पर बैठे सुरेंद्र कुमार को मार पीट कर दस हजार रुपये और मोबाइल छीन कर जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर कहे कि अपने मालिक को फोन लगा कर पांच लाख रुपये मंगवाओ अन्यथा सारे मवेशियों को वह सब बेच देंगें। आरोप है कि पांच लाख न मिलने पर सुरेंद्र कुमार को नवाबगंज के पास फेंक कर ट्रक कानपुर की ओर भाग गए। बताते हैं कि रात्रि लगभग साढे ग्यारह बजे सुरेंद्र किसी तरह एक ढाबे पर जा कर अपने मालिक रईस को फोन पर बताया बताया। जिससे रईस के हाथ पैर फूल गए। पशु कारोबारी रईस अहमद ने मऊआइमा थाने में मंगलवार को सुरेंद्र को लेकर ट्रक चालक इप्पू उर्फ साकिब पुत्र साकिर अली ग्राम तौकलपुर सोरांव ,साहिल पुत्र अज्ञात ग्राम चंदापुर फाफामऊ, शराफत अली पुत्र साकिर अली तौकलपुर सोरांव, मोहम्मद शहबाज पुत्र शरीफ मान्धाता प्रतापगढ़ ,जाहिद और गुड्डू पुत्र अज्ञात तौकलपुर सोरांव के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा पुलिस कई को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

## गांवों की टेंडर प्रक्रिया में हो रहा खेल,सभी नियम फेल

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य के लिए होने वाली निविदा प्रक्रिया में जमकर खेल हो रहा है। आरोप है कि बिना टेंडर प्रकाशन के ही जिम्मेदार सामग्री बिल का भुगतान करवा लें रहे हैं। विभिन्न फर्मों के निविदाकारों ने उच्च अधिकारियों से मिलकर शिकायत करने की बात कही वहीं एडवोकेट मदन ने बताया की फूलपुर, प्रतापपुर व सहसो ब्लाक में कराए गए कार्यों की टेंडर प्रति जन सूचना के तहत मांगी जाएगी। फूलपुर में 67 सहसो में 45 तथा प्रतापपुर में 83 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें कुछ ही गांवों में टेंडर प्रक्रिया शासनादेश के अनुरूप कराई गई है। निविदादाताओं ने आरोप लगाया की ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शासनादेश के अनुसार होनी चाहिए परन्तु सचिव व ग्राम प्रधान की मिली भगत से एक गांव के प्रकाशित टेंडर से ही कम्प्यूटर एडिटिंग कर ब्लाक कर्मचारियों की मिली भगत से अन्य गांवों का भी भुगतान करवा लिया जाता है। सरकारी विभागों की तरह ग्राम पंचायतों में भी टेंडर के जरिए ही काम कराने का शासनादेश तो जारी हुआ पर ब्लाकों में उसपर अमल नहीं हो रहा। शासनादेश के अनुसार क्षेत्र में प्रसारित दो समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित करने की व्यवस्था अनिवार्य है। जिसमें निविदा प्रकाशन से निविदा खोलने में कम से कम 15 दिन का समय निर्धारित है। परन्तु सचिव व ग्राम प्रधानों की मनमानी से शासनादेश में वर्णित नियमों का माखौल उड़ाया जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त उ.प्र.द्वारा सभी जिलों को निर्देश जारी किया गया था की शासनादेश के अनुरूप सभी ग्राम पंचायतों व क्षेत्र पंचायतों में एक लाख रुपये से अधिक के कार्यो में टेंडर प्रक्रिया जरूरी है। जिसमें विभिन्न योजनाओं, राज्यवित्त, तेरहवां वित्त, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि और मनरेगा के अन्तर्गत आवंटित की जाने वाली धनराशि से कराए जाने वाले कार्यो में प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलाकिंग ईट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया, पेंट, वायर, पत्थर, ईट का टुकड़ा, बोल्डर तथा अन्य सामग्री की आपूर्ति के लिए निविदा का आमंत्रण जरुरी है। फूलपुर,सहसो, प्रतापपुर सहित अन्य विकास खंड क्षेत्रों में शासनादेश का उलंघन किया जा रहा है। कोई महत्व दिखाई नहीं पड़ रहा है। आरोप है की अधिकांश ग्राम पंचायतें केवल एक अखबार में ही निविदा का प्रकाशन कर रहीं हैं जबकि शासनादेश में दो अखबारों में टेंडर निकालना अनिवार्य है। यही नहीं प्रकाशित निविदाओं के खुलने की तिथि भी बहुत कम रखी गई है। जानकारों का कहना है कि पर्दे के पीछे इसमें ऐसा खेल चल रहा है कि औपचारिकता भी पूरी हो जाये और अधिक लोगों को टेंडर की जानकारी भी न हो सके। ग्रामीणों के साथ ही निविदाकारों ने अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

## सीएचसी शंकरगढ़ को हरा-भरा बनाने की कोशिश, रोपे गए पौधे

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ को हरा-भरा बनाने की कोशिश में मंगलवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान परिसर में फल व छायादार कुल 95 पौधे लगाए गए। प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड बारा पॉवर प्लांट व सीएचसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण अभियान के दौरान अस्पताल में आए लोगों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित भी किया गया। सीएचसी शंकरगढ़ परिसर में आयोजित पौधरोपण अभियान में शामिल पीपीजीसीएल ने 2000 से अधिक पौधों को लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पीपीजीसीएल के चीफ ओ एंड एम सर्विसेज के सुभाष पांडेय और सीएचसी अधीक्षक अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आम, शीशम, नीम, बेल, करंज समेत कई अन्य लाभकारी पौधे रोपे गए। इस दौरान दोनों संस्थानों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण की शपथ ली और आगे भी पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया। पीपीजीसीएल के सुभाष पांडेय ने कहा कि दैनिक जीवन में पौधों का बहुत बड़ा महत्व है। पर्यावरण संरक्षण आज की जरूरत है। इसे देखते हुए पीपीजीसीएल और सीएचसी के संयुक्त प्रयास से सीएचसी शंकरगढ़ में पौधा लगाया गया। पीपीजीसीएल के द्वारा इस मानसून सत्र में पर्यावरण संतुलित करने के उद्देश्य से लगातार पौधरोपण किया जा रहा है। इसमें 2000 से अधिक पौधों का रोपण क्षेत्र में किया जाएगा।

**पीपीजीसीएल और सीएचसी शंकरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ पौधरोपण**



सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने कहा कि पौधरोपण के अभाव में धरती पर जीवन की कल्पना बेमानी है। पौधों से ही हमें प्राणवायु मिलती है। कोरोनाकाल में आक्सीजन की कीमत और महत्ता सभी ने देखी है, इसलिए सभी लोग पौधरोपण करें और बड़ा होने तक उसकी देखभाल भी करें। इस मौके पर पीपीजीसीएल के सीएसआर के इन्वायरमेंट हेड पंकज कुमार, डा. गांधी, डा. भारतीय, निशांत कुमार सिंह, सीएचसी के डाक्टर अनूप सिंह, डा.रीता सिंह, डा. अनिल कुमार,अभिषेक जायसवाल के साथ तमाम लोग मौजूद रहे।

## नगदी सहित लाखों का माल चोरी एक अन्य स्थान पर भी हजारों की चोरी

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** घर की कुंडी काट कर चोरों ने घर के कमरे की अलमारी तोड कर नगदी, सोना ,चांदी के जेवरात लगभग लाखों की चोरी करने में सफल रहे। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।उधर एक अन्य स्थान पर कपडे की दुकान का शटर टेढा कर हजारों रूपयों की चोरी की घटना में भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दी है। मालूम हो कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीपुर बेलखरिया का पूरा निवासी विजय कुमार पाल पुत्र गिरधारी लाल पाल का परिवार घर में कुंडी लगा कर छत पर सो रहा था। जब सुबह परिवार उठा तो कुंडी और अलमारी टूटा था। जिसमें रखा अठठारह हजार रुपये नगदी ,सोने की अंगूठी मंगलसूत्र सहित अनेकों प्रकार के जेवर और ,चांदी के तमाम तरह के जेवर एंव घर के कीमती सामान चोर चोरी कर चुके थे। बताया गया है कि लगभग लाखों रुपये के माल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए। भुक्तभोगी विजय कुमार पाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।उधर ग्राम सकरामऊ निवासी मंगेश कुमार पटेल पुत्र आशापाल पटेल कंचनपुर हाईवे पर कपडे की दुकान खोले हैं । बताते हैं कि मंगवार को सुबह जब मंगेश पटेल दुकान खोलने गए तो दुकान का शटर टेढा हुआ था। चोरों ने लगभग पचास हजार के कपडे आदि चोरी कर ले गए। मंगेश पटेल ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है ।तथा बताया कि चोरों की तस्वीरें सीसी कैमरे में कैद है। पुलिस तहरीर लेकर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## संगठन को आगे बढ़ाने में प्रत्येक सदस्य की भूमिका महत्वपूर्ण : हौसला प्रसाद

अखंड भारत संदेश



**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के 24 वें स्थापना दिवस सप्ताह समारोह के अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण कवि सम्मेलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल ने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने में प्रत्येक सदस्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। और हमें परस्पर मतभेद भुलाकर संगठन को ऊंचाई तक ले जाने में हर संभव सहयोग करना चाहिए। पटेल ने करछना के पी बी आर अकैडमी भरहा में रविवार को तहसील इकाई द्वारा आयोजित पत्रकार एवं कवि सम्मेलन तथा वृक्षारोपण के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज पत्रकार हितों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रदेश भर में पत्रकारों की एक आवश्यकता बन गया है। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम का सार्थक उपयोग करें और किसी विवाद में ना पड़कर केवल समाज हित के लिए अपनी लेखनी चलाएं। डॉ उपाध्याय ने कहा कि आगामी वर्ष पत्रकार महासंघ का रजत जयंती वर्ष होगा और एक वर्ष के भीतर संगठन को 24 प्रदेशों में विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की प्रयागराज इकाई के जिला मुख्य महासचिव राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे अपने सभी परस्पर मनभेद और मतभेद भुलाकर एक मंच से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे बढ़ें और महासंघ के साथ खड़े होकर संगठन को मजबूत बनाएं। संचालन सुप्रसिद्ध गीतकार डॉ राजेंद्र शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ त्रिलोकी सिंह डॉ वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर डॉ अमरनाथ सिंह सबरेज अहमद बेचन लाल विनोदी राहुल रघुवंशी ने अपनी रचनाओं से आयोजन को गरिमा मई बनाया । तहसील इकाई करछना के कार्यकारी अध्यक्ष राम बाबू पटेल ने सभी अभ्यागतों का स्वागत किया। पी बी आर एकेडमी के प्रबन्धक अयोध्या प्रसाद सिंह ननकेश बाबू यादव कमलेश सिंह भैरव प्रसाद शुक्ल विनय कुमार शर्मा सिमरन वेदी शिव कैलाश भारतीय गौरी शंकर राम किशुन हिमांशु तिवारी शुभम विश्वकर्मा शुशील यादव सुरेश चंद पटेल लाल चंद प्रजापति संतोष तिवारी अरविंद दुबे पंकज पाण्डेय आशीष शुक्ल शिव रतन सिंह सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नैनी कोतवाल से एसपीओ टीम ने मुलाकात की औपचारिक मुलाकात

**नैनी।** कोतवाली के नये कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र यादव से एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह के निदेर्शानुसार एस पीओ टीम ने एक औपचारिक मुलाकात की और उनके सम्मान मे फूलो का गुलदस्ता टीम एसपीओ के उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविन्द्र सिंह, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, मीडिया प्रभारी विरेन्द्र पटेल, सीनियर एरिया इन्चार्ज राम जी जायसवाल, एलाउन्सर इकरामउल्लाह द्वारा दिया गया, एवं टीम के प्रभारी अभय राज सिंह एवं सभी सदस्यों के बारे मे व टीम के द्वारा किये जाने वाले कार्यो से उन्हे अवगत कराया गया! उन्होंने प्रभारी व पूरे टीम के सदस्यों के कार्यों की सराहना की एवं सभी सदस्यो को पूरी जिम्मेदारी से तत्पर रहने के लिये कहा और कहा कि टीम एसपीओ टीम नैनी पुलिस के साथ मिलकर त्योहारो एवं अन्य अवसरों पर मौजूद रहती हैं इसी से टीम की काबलियत दिखती है, आप सभी लोग इसी प्रकार से हमारा एवं प्रशासन का सहयोग करेगें ऐसी मेरी अवधारणा है। थाने पर उपस्थित अन्य चौकी इन्चार्जो से भी उप प्रभारी परवेज अहमद के साथ मुलाकात हुई लोगो की समस्याओं पर भी टीम एसपीओ ने न्यायसंगत विचार पीड़ित एवं उनसे सम्बंधित लोगों को दिया उपस्थित लोगों में उपप्रभारी परवेज अहमद, जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली मौजूद रहे।

# डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट व गलत दिशा में वाहन चलाने वालो पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जहां पर भी दुर्घटनाएं हो रही है या हुई है, वहां पर साइनेज, रम्बल स्ट्रीप, ब्रेकिंग लाइट, स्पीड-ब्रेकर जो आवश्यक हो, लगाये जाने के निर्देश दिए। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने जानकारी ली कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं कहां पर हुई है। उन्होंने एक टीम का गठन कर रिपोर्ट देने को कहा है। जिलाधिकारी ने बगहा क्रासिंग पर एन0एचआई0 के साइट अभियंता और यातायात निरीक्षक दोनो को संयुक्त रूप से निरीक्षण कर 04 दिनों में रिपोर्ट देने को कहा है। हबूसा मोड़-हण्डिया रोड पर अधिशाषी अभियंता-4 लोक निर्माण विभाग एवं अपर डीसीपी यातायात दोनों को संयुक्त रूप से निरीक्षण कर 4 दिनों में रिपोर्ट देने को कहा है। जिलाधिकारी ने कावंड़ियों के मार्गो का भी निरीक्षण कर बिजली, सड़कों की स्थिति की रिपोर्ट देने के लिए कहा है। सोरांव में ए0आ0टी0ओ0 अल्का शुक्ला एवं स्थानीय थाना एवं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सीडी-3 निरीक्षण कर अपनी आख्या 3 दिनों में देने के लिए कहा है। उन्होंने ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट व गलत दिशा में वाहन चलाने वालो पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश डी0सी0पी0 यातायात को दिया है। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों में सड़क सुरक्षा का जागरूकता अभियान चलाये जाने एवं स्कूल के बसों की फिटनेस एवं स्कूल वाहन चालकों को प्रशिक्षण के लिए वर्कशाप का आयोजन किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए आपात कालीन सेवा का भी निरीक्षण कर 3 दिनों में रिपोर्ट आख्या प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने किन-किन हॉस्पिटलों में प्रशिक्षण कराया गया है तथा क्या-क्या उपकरण उपलब्ध है, उसकी सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है तथा एम्बुलेंस की रिपोर्टिंग टाइम क्या है, की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने हीट एण्ड रन दुर्घटनाओं में उपजिलाधिकारियों से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। इस अवसर पर डी0सी0पी0 यातायात अभिनव त्यागी, एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीसीपी यातायात, एआरटीओ श्रीमती अल्का शुक्ला, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अन्य अधिकारीगणों सहित ऑटो यूनियन के अध्यक्ष विनोद चंद्र दुबे एवं महामंत्री रघुनाथ द्विवेदी, उपस्थित रहे।

### डीएम ने की 22 जुलाई एवं 15 अगस्त को होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में 22 जुलाई एवं 15 अगस्त को होने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों को 21 जुलाई से पूर्व पौधों का उठान अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने गड्ढ़ा खुदायी एवं पौधरोपण की जिओ टैगिंग भी अनिवार्य रूप से किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विधानसभा एवं प्रत्येक तहसील में किसी स्थल का चयन कर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने आयुष वन, नंदन वन, रूद्राक्ष वन, मियावॉकी के रूप में वृक्षारोपण कराये जाने हेतु स्थलों का चयन करके सभी तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिस विभाग को जो लक्ष्य निर्धारित किए गए है, उसके अनुसार पौधों की तत्काल उठान करने एवं वृक्षारोपण हेतु सभी तैयारियां पूर्ण रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि पौधरोपण के बाद उनके देखरेख की भी समुचित व्यवस्थायें होनी चाहिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी महावीर कौजलगी ने बताया कि 22 जुलाई को सभी विभागों को मिलाकर कुल 63,73,271 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा 15 अगस्त को कुल 11,74,389 पौधों का रोपण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह से इस वर्ष जनपद प्रयागराज में कुल 75,47,660 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### सपा के प्रदेश सचिव बने डॉ.चंद्रजीत यादव



**झूंसी।** सपा नेता छिबैया निवासी डॉ. चंद्रजीत यादव को सपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ट का प्रदेश सचिव बनाया गया है। जिसकी घोषणा सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने करते हुए बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर चंद्रजीत को यह दिया गया है। डॉ.चंद्रजीत यादव के प्रदेश सचिव बनाये जाने की जानकारी मिलते ही दर्जनों सपा कार्यकता चंद्रजीत के आवास पर पहुच कर मिठाई खिला कर बधाई दी। चंद्रजीत यादव ने राजपाल कश्यप को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी ने जो दायित्व सौपा है उसका ईमानदारी से पालन करेंगे। 2024 के लोक सभा चुनाव में अधिक से अधिक सीट जिताने का काम करेंगे। इस दौरान सुरेश यादव, लवकुश सिंह, पीयूष पंडित, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज बसों पर रोक डग्गामार को है छूट



**झूंसी।** कावड़ यात्रा के मद्देनजर वाराणसी प्रयागराज मार्ग को वनवे कर दिया गया है। बड़े वाहनों के लिए डायवर्जन लगाया गया है। डायवर्जन के बाद भी डग्गामार वाहन झूंसी होते शहर में जा रहे हैं जिसकी वजह से शास्त्री पुल पर यातायात प्रभावित हो जाता है। मंगलवार को शास्त्री ब्रिज पर एक मालवाहक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया तो वहीं एक टाटा 407 पंचर हो गई जिसकी वजह से जाम लग गया था। कावड़ यात्रा के मद्देनजर वाराणसी प्रयागराज मार्ग को वनवे किया गया रोडवेज बसों, ट्रकों व प्राइवेट बसों को फाफामऊ, थरवई होते बनारस की ओर जाना है। रोक के बाद भी डग्गामार वाहन हनुमानगंज, झूंसी होते आ जा रहे है। पुलिस की माने तो हफ्ते में तीन दिन रोडवेज की बसों व ट्रकों को छोड़कर सभी वाहनों को प्रतिबंधित मार्ग से गुजरने की अनुमति दे दी जाती है। लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है कि डग्गामार वाहनों की वजह से शास्त्री ब्रिज पर आए दिन यातायात प्रभावित हो जाता है मंगलवार की दोपहर भी एक डग्गामार मालवाहक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया तो वही एक टाटा पंचर हो गई जिसकी वजह से जाम लग गया।

### नैनी के कांशीराम कॉलोनी में फैला डायरिया

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के काशीराम आवास कॉलोनी में इन दिनों संक्रामक रोगों ने दर्जनों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। लोगों का कहना है की क्षेत्र में फैली गंदगी से लोगों में उल्टी और डायरिया का प्रकोप हफ्तों से बना हुआ है। लोगो का कहना है कि पिछले दिनों डायरिया से एक बच्चे समेत तीन लोग काल के गाल में समा चुके हैं। साफ सफाई के अभाव में फैलने वाली बीमारियो ने इन दिनों पीडीए कालोनी के समीप स्थित कांशीराम कालोनी में अपना डेरा डाल रखा है। हजारों लोगो का आशियाना बनी इस कालोनी में नालियां चोक हैं और सड़को पर पानी जमा है। दूषित पानी घरों में पीने के पानी में मिल कर रोगों को जन्म दे रहा है। बताया जाता है कि उल्टी और दस्त से अरविंद (13 ) नंदू, प्रीति, पूजा, विशाल, नेहा, पकौड़ी, कन्हैया, संजय, महेंद्र, हेमंत, रोशन, दिनेश, बिंदू, देवंती, संतोष, सुषमा, सरिता, सीमित, गीता, शिवान (5) राजेश, राजेश (32), कल्लू (3) पुत्र संदीप, दिशा (14) दिनेश कुमार, पूजा (35) पत्नी संदीप बीमार है। इनका इलाज पीडीए कालोनी, दूरवानी नगर और अरैल चौराहे पर स्थित निजी अस्पतालों में चल रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार कालोनी के भोला के नाती अंशू, जीवनलाल (55) व एक अन्य वृद्धा शांति देवी (85) की मौत हुई है।

## बिल जमा किए बिना चैन से सोने नहीं देगा बिजली विभाग, करेगा रात नौ से 12 बजे फोन

**प्रयागराज।** बकाया बिजली बिल जमा नहीं किया है, तो जल्द जमा कर दें, नहीं तो बिजली विभाग इसके लिए रात में भी फोन करेगा। दरअसल, बिजली से संबंधित शिकायतों के लिए बने टोल फ्री नंबर 1912 से अब उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल वसूलने का कार्य भी किया जाएगा। टोल फ्री नंबर 1912 से यह फोन उपभोक्ताओं के पास दिन की बजाय रात में आएगा। इसके लिए रात नौ से 12 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।टोल फ्री नंबर पर उपभोक्ताओं की ओर से बिजली को लेकर तमाम शिकायतें की जाती हैं। इनका तय समय सीमा के भीतर समाधान कर स्थानीय अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट भी लगानी होती है, लेकिन अब टोल फ्री नंबर से उपभोक्ताओं को फोन कर बिल का भुगतान करने के लिए भी कहा जाएगा। जल्द ही यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।जनपद में 583 ऐसे बकायेदार हैं, जिनमें से हर एक उपभोक्ता के ऊपर बिजली विभाग का एक लाख रुपये से अधिक का बिल बकाया है। इन उपभोक्ताओं की सूची पूर्वांचल विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने स्थानीय अधिकारियों से मांगी थी, जिसे विभाग की ओर से भेज भी दिया गया है। अब पूर्वांचल निगम के हेडक्वार्टर में मौजूद 1912 कंट्रोल रूम को यह सूची थमा दी गई है। सूची में दिए गए नंबरों पर रात के नौ से 12 बजे तक भुगतान के लिए फोन किया जाएगा।फोन पर रिस्पॉन्स न करने वाले या गाली गलौज करने वाले उपभोक्ताओं को काली सूची में डाल दिया जाएगा और स्थानीय अधिकारियों से उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाएगा। इसके अलावा फोन पर उपभोक्ता अगर बिल का भुगतान करने के लिए समय मांगेगे, तो उन्हें अगली तारीख तक इसका पूरा मौका दिया जाएगा। अगर फिर भी नियत तारीख तक बिल का भुगतान नहीं हुआ, तो स्थानीय अधिकारियों को उपभोक्ता के घर पर भेजा जाएगा। विभाग के जनसंपर्क अधिकारी राम अवध यादव का कहना है कि यह व्यवस्था जल्द शुरू की जाएगी। विभाग की ओर से नेवर पेड वाले उपभोक्ताओं को भी चिह्नित किया गया है।

### खाली फ्लैट पर अवैध कब्जा को पीडीए ने पुलिस बल के साथ खाली कराए

**नैनी।** नैनी में मानस विहार योजना में विकास प्राधिकरण पीडीए की मानस विहार आवासीय योजना के अंतर्गत बने फ्लैट पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। ये वो फ्लैट्स हैं जिनका अभी तक आवंटन नहीं किया गया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने भारी पुलिस फोर्स के साथ अवैध रूप से काबिज लोगों को मंगलवार को खाली करा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। पीडीए ने नैनी में मानस विहार योजना लॉन्च की थी। अभी इसमें काफी फ्लैट खाली पड़े हैं। इनका आवंटन नहीं हुआ है। खाली होने के कारण कुछ अराजकतत्वों ने इन फ्लैट्स पर अवैध रूप से अपना कब्जा कर लिया था। विशेष कार्याधिकारी एसके उपाध्याय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस बल ने फ्लैट पर से अवैध कब्जा हटवाकर उसमें प्राधिकरण का ताला लगवा दिया है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध कब्जे के खिलाफ यह अभियान अभी जारी रहेगा। इसकी तरह से जार्जटाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 ए किरन राय, अमर नाथ झा मार्ग पर रमेश कुमार और 105 ए जवाहर लाल नेहरू रोड पर बनाए गए अवैध भवन को सील किया गया है।



# नैनी में यमुना तेजी से बढ़ रही डूबने लगा संगम क्षेत्र

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी प्रयागराज। यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। कानपुर बैराज से छोड़ा गया पानी भी प्रयागराज पहुंचकर फैल रहा है। इससे संगम क्षेत्र में नीचे की सड़क पर पानी आ गया है। आंकड़ों में यमुना का जलस्तर पिछले 24 घंटे में 46 सेमी बढ़ा है। इससे नैनी के अरैल घाट के नीचे का चबूतरा जलमग्न हो गया है। बलुआघाट की सीढ़ियां डूबने लगी हैं। यमुना का जलस्तर तेरजी से बढ़ने से अब गंगा पर दबाव पड़ रहा है। इसी वजह से गंगा का पानी कछारी क्षेत्र में फैलने लगा है। पानी फैलने से फाफामऊ घाट के कगार पर कटान तेज हो गई है। कटान से समिवार को चार दफन शव बाहर आए, जिनका अंतिम संस्कार किया गया। सिंचाई विभाग अगले दो दिन तक तेजी से गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ने की बात कह रहा है।

## अरैल बांध रोड पर शान से दौड़े सुल्तान, कुम्मैद व कन्हैया, लोगों ने तालियों से किया उत्साहवर्धन



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी के अरैल बांध रोड पर सावन के दूसरे सोमवार को गहरे बाजी का आयोजन किया गया। आनंद लेने वालों का मजमा लगा रहा। इस दौरान यमुना किनारे गहरे बाजी नैनी के अरैल बांध रोड पर हुई। इस बार गहरे बाजी में पांच घोड़ों ने रफ्तार भरी। एक घुड़सवार घोड़े पर बैठकर दौड़ रहा था। जबकि अन्य लोग घोड़ा गाड़ी (बग्गी) के साथ गहरेबाजी करते नजर आए। सबसे पहले कटरा के बदरे आलम का घोड़ा सड़क पर आया। बग्गी पर सवार बदरे आलम ने अपने काले घोड़े सुल्तान को गहरे बाजी की दौड़ में उतारा था। उसकी पीठ थप थपाते हुए उसे दौड़ने के लिए प्रेरित कर रहे थे। लोग तालियों से घुड़सवारों का उत्साहवर्धन कर रहे थे। सुल्तान के बाद भूकंप, कुम्मैद और कन्हैया नाम के घोड़ों ने भी गहरेबाजी की दौड़ में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गहरेबाजी करने वालों में बबी पंडा और विष्णु महाराज ने अपने-अपने घोड़े दौड़ाए। करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी को गहरेबाजी में शामिल घोड़ों ने बड़ी शान से पूरा किया। इस दौरान गहरेबाजी का आनंद लेने के लिए सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से घोड़ों और उनको दौड़ाने वालों का उत्साहवर्धन किया।

### किशोर के साथ आप्राकृतिक दुराचार करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** दलित किशोर को बिस्कुट खिलाने के बहाने घर लेजाकर एक युवक ने उस के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाया था। जिसकी शिकायत आरोपी के परिजनों ने की तो जाति सूचक गालियां दी गई थी। जिसपर एक नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। मंगलवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के उमरिया बादल उर्फ गेंदा गांव निवासी एक युवक शाम के समय एक दलित किशोर को बिस्कुट खिलाने के बहाने घर में लेजाकर आप्राकृतिक दुराचार किया था।तथा परिजनों के उलहना देने पर जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। और भगा दिए थे। जिसपर पीडित किशोर की माता ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद अफजल पुत्र मोहम्मद कल्लन को नामजद करते हुए अप्राकृतिक दुराचार, पास्को एक्ट, एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने मंगलवार को मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### नाबालिग मासूम बालिका के साथ दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार ,भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** नाबालिग मासूम बालिका को बहला फुसला कर पंचायत घर में लेजाकर दरिंदगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर के उसे जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति के यहां जौनपुर से उसकी बेटी और नतनी अपने ननिहाल आए हुए हैं। बताय है कि रविवार को शाम के समय दस वर्षीय नाबालिग नतनी को प्रलोभन देकर पडोस का युवक बहला फुसलाकर पंचायत घर मे लेजाकर उस के साथ दुराचार किया। खून से लतफत दस वर्षीय बालिका रोते बिलखते हुए जब घर पहुंची तो परिजन नाबालिग नतनी की हालत देख कर समझ गए और उसे थाने ले जाकर उस के साथ हुई घटना के बारे में बताया गया। मासूम बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट में आदित्य कुमार चौहान पुत्र गुलाब चन्द्र चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लहुलुहान मासूम बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती करा कर आरोपी युवक की तलाश में जुटी थी कि मुखबिर खास की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, कांस्टेबल अंकुर यादव, सतीश चन्द्र पांडेय, शिवाकांत ने मंगलवार को रेवारी तिराहे से आरोपी आदित्य कुमार चौहान बीस वर्ष को गिरफ्तार कर लिखापढ़ी कर के भेज दिया।



## अवंतिका विकास समिति द्वारा आयोजित सावन महोत्सव हर्षोंल्लास के साथ सम्पन्न

**नैनी।** नैनी सावन माह के सोमवारी अमावस्या के पुनीत अवसर पर अवंतिका विकास समिति द्वारा डी ब्लांक स्थित शीतला माई पार्क मे आयोजित सावन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त जानकारी देते हुए महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका मीना जायसवाल ने बताया कि महिलाओं ने सामान्य ज्ञान, कुर्सी दौड़ व सुई धागा रेस प्रतियोगिता मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उक्त अवसर पर महिला मंडल ने देवी गीत एवं कजरी गायन भी प्रस्तुत किया। जायसवाल के अनुसार सामान्य ज्ञान मे आरती पाण्डेय, कुर्सी दौड़ मे बिन्दू राठौर, शीलू तिवारी, बबिता जायसवाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, वही सुई धागा रेस मे

**सोमवारी अमावस्या पर महिला मंडल का विविध कार्यक्रम**

नमिता त्रिपाठी, शीलू तिवारी व संगीता पाण्डेय क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाकर सफल रही। निर्णायक मंडल मे कमला गोस्वामी, नीलम गिरी, बविता जयसवाल, रेनू सक्सेना चन्द्रावती देवी शामिल रही। विजेताओं एवं प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जायेगा। उक्त आयोजन मे प्रमुख रूप से राजकुमारी, रेनू सिंह, कुसुम शुक्ला, ललिता यादव, पुर्णिमा यादव, निर्मला सिंह, सुशीला देवी, मालती मिश्रा, पुष्पा देवी, शीलू तिवारी, शिवकुमारी गुप्ता, सुनीता जायसवाल, पुष्पा तिवारी, रेखा केशरवानी, अंगुरा केशरवानी, नीलू रावत, अनुराधा गिरी, मधू, अंकिता सिंह मीना दुबे आदि की सहभागिता रही।

# हवाई यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही मिल जाएगा गंगा जल, महाकुंभ से पहले शुरू होगी सुविधा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट में यात्रियों को अब बोतलबंद गंगा जल भी उपलब्ध होगा। महाकुंभ के पूर्व यात्रियों को यह सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। एक स्वयं सहायता समूह की मदद से यात्रियों को यह सुविधा आने वाले दिनों में उपलब्ध करवाने की तैयारी है। अगर ऐसा हुआ तो प्रयागराज देश का पहला ऐसा एयरपोर्ट होगा, जहां यात्रियों को टर्मिनल बिल्डिंग में ही संगम का पवित्र गंगा जल उपलब्ध होगा। हर रोज सैकड़ों की संख्या में लोग देश के तमाम प्रांतों एवं शहरों से स्नान के लिए संगम आते हैं। अधिकांश लोग गंगा जल ले जाते हैं। ट्रेनों और बसों में तो इसे ले जाने में कोई समस्या नहीं रहती, लेकिन विमान यात्रियों की शिकायत रहती है कि वह उसे कैसे ले जाएं। यात्रियों के साथ हैंडबैग में एक लीटर की बोतल में गंगा जल ले जाने में समस्या नहीं आती, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर कभी कभार इसे ले जाने की इजाजत नहीं दी जाती।एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में सदस्य शिवशंकर सिंह एवं अन्य सदस्यों ने यह मुद्दा उठाया तो सांसद एवं समिति की अध्यक्ष केशरी देवी पटेल ने यहां बोतल बंद गंगा जल की बिक्री करने को कहा। कहा कि प्रयागराज में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इसे लेकर काम भी कर रही हैं। एयरपोर्ट प्रशासन इनसे संपर्क कर बोतल बंद गंगा जल की बिक्री सुनिश्चित कराए।एयरपोर्ट में कॉमर्शियल स्टॉल महंगे हैं, इसलिए सांसद ने एयरपोर्ट प्रशासन से बीच का रास्ता निकालने को कहा है ताकि स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं महिलाओं पर आर्थिक बोझ भी न बढ़े और यात्रियों को सस्ती दर में गंगा जल भी उपलब्ध हो जाए। सांसद के अनुसार उनका पूरा प्रयास रहेगा कि इसी वित्तीय वर्ष यात्रियों को एयरपोर्ट में पैक्ड गंगाजल मिलने लगे।





### एयरपोर्ट में यात्री पैक करा सकेंगे गंगाजल

संगम स्नान के बाद अपने साथ गंगा जल लाने वाले श्रद्धालु जिन्हें हवाई यात्रा करनी है वह एयरपोर्ट में उसकी पैकिंग भी करवा सकेंगे। यहां एक निजी संस्था की ओर से रैपिंग मशीन लगाई गई है। इसका फायदा उन लोगों को मिलेगा जो प्लास्टिक की दो से पांच लीटर वाली कैन में गंगाजल लेकर आते है। रैपिंग मशीन से गंगाजल पैक होने के बाद उसे लगेज के साथ जमा किया जा सकेगा।





# नैनी सेंट्रल जेल में अपराध से रोजगार की ओर मिशन के तहत मुहिम

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल में अपराध से रोजगार की ओर" मिशन के तहत सेंट्रल जेल नैनी में बंद बंदियों को रोजगार से जोड़ने की मुहिम आरंभ हुई है। जिसके तहत 380 बंदियों को कौशल विकास मिशन की तरफ से निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और उन्हें हुनरमंद बनाया जाएगा। ताकि जेल से बाहर आने के बाद वह अपने सीखे गए हुनर के बल पर स्वरोजगार शुरू कर सरकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 300 बंदियों को ऑर्गेनिक खेती, 50 बंदियों को हैंडीक्राप्ट और 30 बंदियों को हेल्थ केयर क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिनमें महिला और पुरुष दोनों प्रकार के बंदियों को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के रिकॉर्ड के मुताबिक 40 बंदियों का रजिस्ट्रेशन भी हो चुका है। साथ ही 150 बंदियों ने इस प्रशिक्षण में रुचि दिखाई है और प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रया शुरू कर दिया है। तकरीबन 4,000 से ज्यादा दोष सिद्ध एवं विचाराधीन बंदियों वाली सेंट्रल जेल नैनी में पिछले वर्ष कौशल विकास मिशन की तरफ से "अपराध से रोजगार की ओर" के तहत दोष सिद्ध बंधुओं को प्रशिक्षित करने की मुहिम छेड़ी गई थी। कौशल विकास मिशन की तरफ से ग्रामीण उत्थान समिति को इसके लिए टारगेट सौंपा गया था। जिसके तहत कुल 50 बंदियों को अब तक प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिनमें 25 पुरुष बंदियों को लाजिस्टिक क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि महिला 25 बंदियों को सिलाई के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिनका प्रशिक्षण का सितंबर माह में पूरा हो जाएगा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादूर पटेल का कहना है कि नैनी सेंट्रल जेल में कृषि का कार्य अधिक होता है। खासकर सब्जी की खेती बेहतर की जाती है। उसे ऑगेनिक रूप से करने के लिए बंदियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए हमने कौशल विकास मिशन और जिले के संबंधित अधिकारियों से मांग की थी। जिसके तहत हमें 380 बंदियों को प्रशिक्षित कराने को कहा गया है। इसमें कृषि सेक्टर में सबसे ज्यादा बंदियों ने रुचि दिखाई है। कृषि में आगेंनिक सब्जी, फूलों की नर्सरी, धान की नर्सरी और अत्याधुनिक कृषि केयरटेकिंग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर ने बताया कि इससे पहले ग्रामीण विकास उत्थान समिति के विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा और विकास गुप्ता की टीम ने दो प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना सेंट्रल जेल परिसर में की थी। उसी प्रशिक्षण केंद्र में इस बार भी कैदियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रैक्रिकिल के लिए जेल परिसर के अंदर मौजूद कृषि भूमि पर ले जाया जाएगा।

**380 बंदी करे जाएंगे प्रशिक्षित, आर्गेनिक खेती से लेकर हेल्थ केयर सेक्टर तक की ट्रेनिंग**

## बाइक असंतुलित होने से अधिवक्ता चुटहिल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से बाइक असंतुलित होने से अधिवक्ता को चोटें आ गयी। लालगंज के भेभौंरा निवासी अश्विनी पाण्डेय 30 संयुक्त अधिवक्ता संघ के सह मंत्री है। सोमवार की देर रात वह बाइक से घुइसरनाथ धाम दर्शन करने जा रहे थे। अमावां चैराहे के समीप सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से बाइक असंतुलित हो गयी। दुर्घटना मे अश्विनी को चोटें आ गयी। आननफानन मे उन्हें लालगंज ट्रामा सेण्टर इलाज के लिए लाया गया। प्रारम्भिक उपचार के बाद अधिवक्ता को अस्पताल से घर भेज दिया गया।

# परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा में हो पूर्णः डीएम

### जिलाधिकारी ने कार्यो व परियोजनाओं के प्रगति की किया समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार रुपए 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नही किया जाता है और सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा बुकलेट में परियोजना के पूर्ण होने की तिथि अपने आप से दर्शा दी जाती है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये।

सी एण्ड डीएस यूनिट-10 के कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि राजकीय पालीटेक्निक के निर्माण की प्रगति धीमी है और सी एण्ड डीएस यूनिट-10 के प्रतिनिधि दिनेश यादव से जानकारी ली गयी तो वह स्पष्ट जवाब नही दे पाये जिस पर जिलाधिकारी ने नारजागी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि दिनेश यादव के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। आवासीय एवं अनावसीय भवनों की समीक्षा की गयी तो बताया गया कि 70 प्रतिशत कार्य हुआ है और जो कार्य अवशेष है उन्हें जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा। स्टेडियम एवं मल्टीपरपज हाल के निर्माण कार्य की समीक्षा में बताया गया कि 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और भारत सरकार के अवशेष धनराशि प्राप्त होते ही इसे पूर्ण करा दिया जायेगा। सेतु निर्माण के कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि जनपद में जो भी सेतु निर्माण के कार्य किये जा रहे है उसको निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण नही किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जतायी और निर्देशित किया कि सेतु निर्माण के कार्यो में जो भी रूकावटे एवं समस्या आ रही है उसकी रिपोर्ट लेकर बैठक में प्रतिभाग करें जिससे समस्या का समाधान किया हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित सम्बान्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बकाया पैसे की मांग पर धमकी को लेकर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बकाया रुपए का तगादा करने पर आरोपी द्वारा बोलेरो वाहन को बैक कर पीड़ित पर जानलेवा हमला करने की घटना में केस दर्ज किया है।

लालगंज के जूड़ापुर निवासी राधेश्याम के पुत्र दिनेश यादव ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोलह जुलाई को दिन मे ढाई बजे पूरे भिच्छुक खण्डवा के राजकिशोर मिश्र के पुत्र आलोक मिश्र से उसने अपना बकाये का पैसा मांगा। इस पर आरोपी ने बोलेरो वाहन को अचानक बैक कर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी ने पीड़ित को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# ग्राम न्यायालय का हुआ शुभारंभ, अधिवक्ताओं में खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लंबे समय से चल रही पट्टी तहसील प्रांगण में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर चल रही लड़ाई पर मंगलवार को विराम लग गया।उच्च न्यायालय के निर्देश पर पट्टी तहसील प्रांगण में ग्राम न्यायालय की शुभारंभ हुआ।न्यायाधीश अश्वनी कुमार उपाध्याय ने नवनिर्मित न्यायालय में पहुंच कर अधिवक्ताओं से परिचय प्राप्त किया।

इससे पहले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ मुख्यालय से पट्टी न्यायालय के लिए निकले न्यायाधीश अश्वनी कुमार उपाध्याय तहसील के सीमा पर स्थित पौराणिक शिव मंदिर बाबा बेलखर नाथ धाम पहुंच कर माथा टेका फिर पट्टी तहसील पहुंचे। तहसील में मौजूद अधिवक्ताओं के चेहरे पर खुशियों की लहर दौड़ पड़ी। सभी लोग न्यायाधीश की एक झलक पाने को बेताब रहे। इस मौके पर पट्टी तहसील के उपजिला अधिकारी देश दीपक सिंह प्रभारी निरीक्षक पट्टी नंदलाल सिंह एवम अपर प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह बार एसोसिएशन पट्टी के अध्यक्ष राधा रमण मिश्रा, सुरेश सिंह राठौर, बिंदेश्वरी पाठक, मनीष त्रिपाठी, अमित चैरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री पंहुचे कालाकांकर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** उ०प्र0 सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह मंगलवार की दोपहर कालाकांकर राज भवन पहुँचे जहा आयोजित मॉ गंगा की आरती कार्यक्रम में शामिल हुए साथ मे भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व कार्यकताओं ने मुख्यतिथि के रूप मे आये जय वीर सिंह का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सासंद एवं कालेज प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह जी ने किया।

कालाकांकर मे मां गंगा की आरती आचार्य कृष्ण बिहारी शास्त्री ने अपने सहयोगियों के साथ वेदो मंत्रोंचारण के साथ

### गंगा पूजन अर्चन के बाद कृषि बिज्ञान केंद्र ऐठू को रवाना



संस्कृति विभाग मंत्री का स्वागत करतीं पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

मुख्य अतिथि से सम्पन्न कराया उसके बाद कुछ देर राजभवन मे राजकुमारी रत्ना सिंह के साथ वातालाब किया और राजभवन की पुरानी यादो से रूबरू हुए। बतौर मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, केन्द्र की अध्यक्षा राजकुमारी रत्ना सिंह, केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक डा0 ए0 के0 श्रीवास्तव आदि गणमान्य लोगों ने स्व राजा दिनेश सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने कृषि विज्ञान केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त सभी पूर्व प्रशिक्षार्थी एवं किसानों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र की तकनीकियों व कार्यां को बताया साथ ही कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को अपनी कृषि से सम्बन्धित जानकारी को नवीनतम तकनीकियों को अपडेट करने के लिए है तथा जो जानकारी यहां से दी जाती है उसको अधिकतम किसानों तक पहुॅचाने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री भाष्कर शुक्ला ने किया तथा डा0 नवीन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों व किसानों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गंगातट किनारे सौंदर्यीकरण को लेकर दिया ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** भाजपा कुसुवापुर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा ने कालाकांकर राजभवन मे आये पर्यटन एव संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के ठाकुर जय वीर सिंह को मुरस्सापुर सोनामऊ (नवाबगंज) गंगाघाट किनारे सौदार्यी करण को लेकर एक लिखित ज्ञापन दिया जिसमे मुरस्सापुर गंगाघाट किनारे दूर दराज से आने वाले शव दाह संस्कार के लिए टीन सेट व शव दाह घर इलेक्ट्रानिक की मांग किया है जिसमे वारिशबके दौरान शव का दाह संस्कार बारिश होने से लोगो को परेशानी उठानी पड़ती है। घाट किनारे बारिश के दौरान शव का दाह संस्कार व क्रिया क्रम करने मे अब्यवस्थाएं हो जाती है। गंगाघाट किनारे 3-4 पुराने जर्जर मंदिर बने हुए है जिनका सौंदर्यी करण न होने से जर्जर मे तब्दील हो रहे है। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री पवन गौतम, जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र व कुसुवापुर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्र व मो0 तारिक अहमद आदि लोग रहे।

# बच्चों को पढ़ाने की कला के दिये गये टिप्स

## प्राथमिक विद्यालय चकवनतोड़ में हुई संकुल बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय चकबन तोड़ में आज संकुल बैठक आयोजित की गई। बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी शिक्षा तथा संख्यात्मक ज्ञान की प्राप्ति हेतु टीएलएम के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने एवं उनमें पढ़ाई के प्रति अभिरुचि पैदा करने की कला सिखाई गई। प्रभावी शिक्षण हेतु शिक्षकों ने कार्य योजना का निर्माण किया एवं अभ्यास हेतु आवश्यक पत्रक भी तैयार किया। जनपद स्तरीय कार्यशाला के उद्देश्यों के अनुरूप



संकुल बैठक में मौजूद शिक्षकगण।

आज की बैठक संपन्न हुई। एआरपी नीलम सिंह ने शिक्षक प्रशिक्षण एवं दीक्षा मॉड्यूल तथा प्रभावी संवाद के बारे में शिक्षकों को बताया।

नोडल संकुल प्राची पांडे ने शासन द्वारा निर्धारित संदर्शिका आधारित शिक्षण, बच्चों के सतत आकलन एवं उपचारात्मक शिक्षण के बारे में विस्तार से समझाया। बैठक में शामिल शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालय के उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित किया तथा अपनी समस्याएं भी रखीं। बैठक में रेखा सिंह, अनीता मिश्रा, संगीता सिंह, सुधा त्रिपाठी, रुपेश तिवारी, पुष्पा मिश्रा, नीलम पाल, सुषमा मौर्य, रुपेश ओझा, श्रद्धा, हरिशंकर आदि उपस्थित रहे।

## युवक के साथ मारपीट कर आरोपियों ने किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरेपांडे निवासी राधेश्याम गुप्ता का बेटा विजय चंद्र गुप्ता गांव का पूर्व प्रधान है। वह मंगलवार को करीब तीन बजे कचहरी से घर के पास मोड़ पर खड़ा ही था तभी गांव के दो लोगों ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते उसे धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। पीड़ित किसी तरह घर के अंदर भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर मौके पर दीवानगंज चैकी इंचार्ज पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे तब तक आरोपी घटनास्थल से भाग लिये थे। पूर्व प्रधान का आरोप है कि आरोपी का उसकी जमीन पर बरसों से रंजिश चली आ रही है तथा उसके पास न्यायालय का स्थगन आदेश भी है। इसके बावजूद मंगलवार को आरोपी उक्त जमीन पर मिट्टी डलवा रहे थे। पीड़ित पूर्व प्रधान को पुलिस ने घायल अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा।

# प्रताप बहादुर अस्पताल में चिकित्सकों व अधिवक्ताओं में जमकर मारपीट

## रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शांत हुए अधिवक्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय मेडिकल कालेज से सम्बद्ध प्रताप बहादुर अस्पताल में आज चिकित्सकों, उनके सहयोगियों व अधिवक्ताओं के बीच जमकर विवाद के बाद मारपीट होने से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई तथा अस्पताल का कामकाज ठप हो गया। अधिवक्ता के साथ मारपीट होने की खबर जिला कचहरी पहुंची, जहां अधिवक्ता पट्टी आउटलाइन कोर्ट को लेकर हड़ताल कर रहे थे, वहां से अधिवक्ता सीधे अस्पताल पहुंचे और धरने पर बैठ गये।



अस्पताल परिसर में धरना देते अधिवक्तागण।

अधिवक्ताओं ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों व प्रषासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में शहर कोतवाल ने पहुंचकर अधिवक्ताओं से तहरीर लेकर जब कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली, तब अधिवक्ता अस्पताल से हटे। पुलिस द्वारा दर्ज रिपोर्ट में डा0 सचिन व उनके सहयोगी चिकित्सक व हॉस्टल के कुछ लड़कों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। मारपीट में चिकित्सक पक्ष से भी कुछ लोग घायल हुए हैं जिनका चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। घटना के बारे में बताया जाता है कि मंगलवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे शषिकांत शुक्ला अधिवक्ता अपनी भाभी को दिखाने अस्पताल गये थे। अधिवक्ता पर्ची कटाने गये थे। वहीं पर चिकित्सकों से कुछ उनका विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ गया और गाली-गलौज व मारपीट की नौबत आ गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिवक्ता को बुरी तरह से पीटा गया है और बीच-बचाव करने आए साथी अधिवक्ता नीरज मिश्रा का चेन गायब कर दिया गया है। जिला अस्पताल में इस घटना पर राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य सलिल श्रीवास्तव व अस्पताल के अधीक्षक सुरेष सिंह क्षुब्ध हैं। उनका कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

## इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 31 जुलाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इग्नू मुख्यालय दिल्ली द्वारा जारी एक सर्कुलर में सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि को बढ़ा दिया गया है। एमडीपीजी कालेज स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतापगढ़ केंद्र में डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के कई विषयों पर कोर्स उपलब्ध हैं। इसकी डिग्री और डिप्लोमा यूजीसी द्वारा पूर्णतः मान्य हैं। जो छात्र रेगुलर विश्वविद्यालयों या कॉलेज में प्रवेश नहीं हो सकते है, अथवा किसी सरकारी, गैर सरकारी विभाग में कार्यरत हैं वो सभी इग्नू के दूरस्थ शिक्षा माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ में कुल 37 कोर्स उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए छात्र आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एमडीपीजी कालेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सीएन पांडेय ने बताया कि एकल विषय से स्नातक करने वाले छात्र अपने पसंद के किसी भी विषय से स्नातक पूर्ण कर सकते हैं। इसके साथ ही कोई छात्र अगर कहीं रेगुलर कोर्स में प्रवेश ले चुका है तो वो भी इग्नू के माध्यम से किसी अन्य कोर्स को भी पढ़ सकता है। प्रवेश की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है।

# पौधरोपण कर बच्चों की तरह ही करें सेवाः रोशनलाल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण/पौध वितरण अभियान में आज भी चिलबिला, सरायदली, कांपा,सदर बाजार आदि जगहों पर पौधरोपण एवं पौध वितरण अभियान चलाया गया। क्लब गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण/पौध वितरण कर हर एक व्यक्ति को पौधरोपण करने के लिए जागरूक कर रहा है।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने पौध वितरण करते हुए कहा कि क्लब का पौधरोपण/पौध वितरण अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। पर्यावरण बचाने

### क्लब का पौधरोपण/पौध वितरण अभियान निरंतर जारी



पौधरोपण करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

और जिले में हरियाली लाने के लिए पौधरोपण ही एक मात्र रास्ता है। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि पौधरोपण कर उसे भी अपने बच्चों जैसा देखरेख करें तभी जिले में हरियाली आएगी और पर्यावरण को बचाया जा सकता है। जिला प्रशासन जिले में पौधरोपण कर जिले में हरियाली लाने के लिए तत्पर है उसी क्रम में क्लब भी गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण और पौधवितरण अपने सहयोगियों के सहयोग से कर रहा है।

क्लब के इस अभियान से जुड़कर जिले में हरियाली लाने में सहायक बने। कार्यक्रम के मौके पर डॉ दयाराम मौर्य, राजीव कुमार आर्य, आनंद मोहन ओझा, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, पूनम गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, रामकुमार, विवेक कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, शनि, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

# विकास से जगमग दिखेगा बाबा घुश्मेश्वरनाथ धामः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम में पर्यटन विकास का हर पहलू सदैव जगमग दिखेगा।

सांसद प्रमोद तिवारी ने सावन मास के दूसरे सोमवार की शाम घुइसरनाथ तिराहे पर हाईमास्ट लाइट की सौगात सौंपी तो मौजूद व्यापारियों व श्रद्धालुओं में खुशी चहक उठी। प्रमोद तिवारी ने कहा कि बाबा घुश्मेश्वरनाथ की प्रेरणा से ही रामपुर खास में विकास की गाथा लिखी जा रही है। इस मौके पर व्यापारमंडल अध्यक्ष



बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में हाईमॉस्ट की सौगात सौपते प्रमोद तिवारी।

अखिलेश मिश्र, प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरुप्रताप जायसवाल, डभियार प्रधान पप्पू पाण्डेय, बीडीसी चंदन सिंह, महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, मनीष मिश्र, राकेश जायसवाल, देवेंद्र त्रिपाठी, राकेश वैश्य, सोहनलाल यादव, डा. राहुल गुप्ता, बिल्लू शुक्ल, रामशिरोमणि पाण्डेय आदि ने सांसद प्रमोद तिवारी का सारस्वत सम्मान भी किया।

इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अमांवा बाजार में भी हाईमास्ट लाइट की सौगात सौपी। यहां कार्यक्रम में अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, सोशल मीडिया प्रभारी सिंटू मिश्र, ललन पाण्डेय, मोनू पांडेय, विनोद तिवारी, अवधेश नारायण शूक्ल आदि रहे।

# फजीवांड़ा पर प्रधानाध्यापक पर गिरी निलंबन की गाज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** फजीवांड़ा करके एमडीएम खाते से धनराशि निकालने के मामले में बीईओ की जांच रिपोर्ट पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को बीएसए ने निलंबित कर दिया। कार्रवाई को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया।

स्थानीय विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय अगई द्वितीय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सचिन ने एमडीएम खाते में ग्राम प्रधान

### फर्जी प्रधान बनाकर एमडीएम खाते से निकाल लिया था पैंतीस हजार, बीईओ की जांच रिपोर्ट पर बीएसए ने की कार्रवाई

रामकिंकर सरोज के स्थान पर गांव के आलोक पाण्डेय का नाम दर्ज कराकर पैंतीस हजार रुपया 12 जुलाई को निकाल लिया था। आहरण की गई राशि की सूचना पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका के मोबाइल पर गया तो वह प्रधान रामकिंकर से इस बाबत जानकारी ली। प्रधान ने पैसा निकालने से इंकार किया और ग्रामीण बैंक रानीगंज कैथौला में आकर जानकारी किया तो खाते के संचालन में प्रधान के स्थान पर गांव के आलोक पाण्डेय का नाम दर्ज मिला। जबकि लोगों की मानें तो आलोक पाण्डेय गांव में रहता भी नही है। वह परदेश में रहता है। प्रधान रामकिंकर की शिकायत पर बीईओ ने जांच कर रिपोर्ट बीएसए को भेज दी। बीएसए ने जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया। वहीं बैंक अधिकारी भी प्रधान के बैंक पहुंचते ही हक्का-बक्का हो गए। जब उन्हें गलती का अहसास हुआ तो गुरु जी से पैसा जमा करने को कहा। काफी प्रयास के बाद 15 जुलाई को तीस हजार रुपया बैंक कर्मियों ने जमा करवाया।

## कार्रवाई की जद में आ सकते है बैंक अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एमडीएम खाते से फर्जी तरीके से पैसा निकालने के मामले में यदि ब्लॉक अधिकारी की मेहरबानी न हुई तो बैंक अधिकारी पर भी कार्रवाई का होना लगभग तय है। खाता संचालन के लिए अध्यापक को बीईओ व प्रधान को बीडीओ सत्यापित करता है, लेकिन विना बीडीओ के सत्यापन के ही अध्यापक के इशारे पर बैंक अधिकारी प्रधान रामकिंकर की जगह गांव के आलोक को प्रधान बनाकर पैसा निकाल दिया।

### क्या कहते है अधिकारी?

बैंक अधिकारियो द्वारा की गई लापरवाही के बाबत बीडीओ का प्रभार देख रहे एसडीएम तनवीर अहमद से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

## आर्यन को हराकर नीरज बने बाल असेंबली के अध्यक्ष

### साक्षी, निखिल, नैतिक को मिली सीएम की जिम्मेदारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लोकतंत्र को बारे में करीब से जानने और नौनिहालों को वोट की कीमत बताने के लिए जोगापुर कंपोजिट स्कूल में एक अनूठी पहल हुई। बालसभा और क्लास प्रमुख के पदों पर चयन का आधार चुनाव को बनाकर। इसके माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को समझाने का प्रयास किया गया। जिसमें नौनिहालों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें अधिकतम 27 वोट पाकर नीरज पटेल(क्लास आठ) बाल सभा के अध्यक्ष पद के साथ क्लासों के प्रमुख के लिए चुने गए। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आर्यन को चार वोट से हराया। इसी के साथ निखिल वर्मा (क्लास सात) 24 वोट, साक्षी प्रजापति (छह) 13 वोट और नैतिक (आठ) 7 वोट पाकर क्लास मॉनिटर (सीएम) बने। सचिव पद के लिए अंकित (क्लास छः) आर्यन मौर्य (सात) और प्रिंस (आठ) निर्विरोध चुने गए। नोडल चुनाव अधिकारी विद्यालय इंचार्ज उमा मिश्रा ने विजई उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिया। मुख्य चुनाव संयोजक टीचर राजेश कुमार ने चुने गए बाल पदाधिकारियों को उनके कार्यो का बोध कराया। चुनाव में छात्रा मोहक पाल बाल मुख्य चुनाव अधिकारी, छात्रा प्रिया बाल पीठासीन अधिकारी, आरती, अंतिमा और राधिका मतगणना अधिकारी की भूमिका में नजर आई।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से युवक की मौत

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली अन्तर्गत बलीपुर टाटा गांव में एक युवक को सर्प ने डस लिया वह घर के ऊपर बने छत पर सो रहा था। आनन फानन परिजनों ने उसे जिला अस्पातल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है बलीपुर टाटा गांव के विकास कुमार सरोज उम्र 18 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम भवन सरोज सोमवार की रात छत पर सो रहा था इसी दौरान रात 2 बजे उसके बॉए पैर के जांघ में जहरीले सर्प ने डंस लिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर दौड़े परिजनों ने आनन फानन जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### मां बेटी पर जानलेवा हमला 4 दिन बीते नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**चायल कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में सुगगन देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार रैदास और उसकी बेटी पूनम देवी के ऊपर सुनील कुमार आदि ने 14 जुलाई को लाठी डंडा कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला किया था हमले मे मां बेटी दोनों को चोटे आई थी मामले की सूचना थाना चरवा पुलिस को पीड़ित परिजनों ने दिया था लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है जिस पर पीड़ित परिवार 17 जुलाई को क्षेत्राधिकारी चायल से मिला है और मुकदमा दर्ज करा कर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है

# मृतका के परिजनों ने मुख्यालय में जमकर काटा हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक सैनी स्थित कथित प्रभा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कथित चिकित्सकों की लापरवाही से पूजा देवी पुत्री शिव आसरे की 11 जुलाई को मौत हो गई थी मौत के बाद दुखी परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल में हंगामा काटा था महिला मरीज की मौत के मामले में अपने को फंसता देख कर अस्पताल संचालक और उसके भाई ने साजिश रचना शुरू कर दिया और मृतक महिला के परिजनों पर ही लूट डकैती अपहरण अस्पताल में तोड़फोड़ मारपीट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा अपराध संख्या 293 सन 23 दिनांक 13 जुलाई को दर्ज करा दिया सैनी पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर अस्पताल संचालक चिकित्सकों के नाम एक सप्ताह बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज किया है बल्कि अस्पताल संचालक की तहरीर पर पुलिस ने 15 जुलाई को निर्दोष सदाशिव अशोक साजन गौरव को गिरफ्तार कर लिया है मुख्यालय में



आक्रोश प्रकट कर रहे लोगों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति मुकदमे में वांछित भी नहीं है 4 दिनों से पुलिस निर्दोष पर जुल्म ज्यादती अत्याचार कर रही है दबाव के बाद साजन और गौरव को पुलिस ने छोड़ दिया है 2 दिन कोतवाली में रखने के बाद कहीं पुलिस अभिलेखों में लिखा पढ़ी पुलिस ने नहीं किया है लेकिन 4 दिनों से निर्देश सदाशिव और अशोक सैनी कोतवाली पुलिस की हिरासत में है जहां उनके साथ पुलिसिया अत्याचार हो रहा है एक तरफ दोषी अस्पताल संचालक और उसके चिकित्सकों पर पुलिस द्वारा मुकदमा ना दर्ज करना बल्कि मृतक महिला के परिजनों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी करने के विरोध में क्षेत्र के लोग आक्रोशित हो गए और कई दर्जन महिलाओं ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर में नारेबाजी कर सैनी कोतवाल पर हमलावरो को बचाने पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए सैनी कोतवाल को निलंबित करने की मांग की है कुछ सफेदपोश नेता दोषी अस्पताल संचालक

**मृतक महिला के परिजनों के नाम मुकदमा दर्ज कर निर्दोष परिजनों को गिरफ्तारी से भड़के लोगों ने कोतवाली पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप**

**सफेदपोश के दबाव में योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर सैनी कोतवाल वर्दी को कर रहे कलंकित**

और चिकित्सक को बचा रहे हैं और सफेदपोश के दबाव में सैनी कोतवाल कानून और नियम की धज्जियां उड़ा कर योगी सरकार के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं कई दिनों से गिरफ्तार निर्दोषों को छोड़ने बेवजह मृतक के परिजनों को परेशान करने वाले कोतवाल पर कठोर कार्यवाही और अस्पताल संचालक पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग लोगों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से की है।

### विद्युत समिति की बैठक में ओवर बिलिंग और ट्रांसफार्मर की समस्या का छाया रहा मुद्दा

**कौशाम्बी।** कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में सोमवार को जनपद स्तरीय विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में ओवर बिलिंग और ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्याओं का मुद्दा छाया रहा बैठक में अधिशासी अभियन्ता विद्युत ने बताया कि रिवैम्प योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में जनपद में समस्त एल0टी0लाइन को बंच कन्डक्ट लाइन में बदला जायेगा एवं जर्जर 11 केवी विद्युत तारों को भी बदलने का कार्य किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि एल0टी0 लाइन की क्षमता वृद्धि का भी कार्य किया जायेगा तथा टूटे खम्भों को भी बदला जायेंगा। इस प्रस्तावित योजना के तहत रुपए 200 करोड की धनराशि व्यय की जायेगी। भविष्य में ग्रामीण मजरों सहित समस्त ग्रामवासियों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेंगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विनोद सोनकर सांसद ने कहा कि ग्राम जुगराजपुर में प्राथमिकता के आधार पर जर्जर तारों को शीघ्र बदला जाय तथा जनपद में अन्य स्थानों पर भी जर्जर तारों को बदलने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाय। उन्होंने कहा कि नगर निकायों में विद्युत से सम्बन्धित कराये जाने वाले कार्यो की डीपीआर सभी ई0ओ0 एवं अध्यक्षों को उपलब्ध करा दिया जाय, इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी ईओ एवं अध्यक्षों से कहा कि डीपीआर का अध्ययन कर लिया जाय तथा छूटे हुए कार्यो को सम्मिलित करा लिया जाय, कोई भी कार्य छूटने न पाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत से कहा कि हर माह प्रत्येक नगर निकाय में कैम्प लगाकर विद्युत से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण कराय जाय।

## न्यूज झरोखा

### सेंधमारी कर दो घरों से सोने चांदी के जेवर कपड़ा बर्तन नगदी उठा ले गए चोर



**कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली के दौलतपुर कसार मे सोमवार की रात्रि में दो घरों में सेंधमारी कर घर के अंदर रखे सोने चांदी के जेवर नगदी बर्तन कपड़ा आदि सामान वेखौफ चोर उठा ले गए हैं पुलिस गस्त कमजोर दिखाई पड़ रही है जिससे बेखौफ चोरों के हौसले बुलंद हैं मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है घटनाओं के खुलासे में पुलिस का तंत्र और पुलिस मित्र नहीं काम आ रहा है जानकारी के मुताबिक दौलतपुर कसार निवासी बच्चा लाल पुत्र शीतल प्रसाद खेत में धान की रोपाई करने गए थे चोरो ने उनके घर के पीछे से सेंध लगाकर घर के भीतर घुस गए और घर के अंदर रखा पैर की छागल नाक की बेसर मंगलसूत्र हाफपेटी वा 6 हजार रुपये नगदी उठा ले गए हैं बच्चा लाल के घर में चोरी करने के बाद बेखौफ चोर गांव के ही अनीस उद्दीन पुत्र कमर उद्दीन निवासी दौलतपुर कसार के घर पहुचे रात के अधेरे मे जब घर के सारे लोग सो रहे थे तभी बगल से सेंध लगाकर घर मे रखे जेवर व नगदी बर्तन कपड़ा आदि सामान चोर उठा ले गए हैं जब सुबह परिजनों की नींद खुली तो घर में चोरी की घटना की जानकारी हुई तो परिजनों ने घर से जेवर कपड़ा बर्तन नकदी उठा ले जाने की जानकारी पुलिस को दी है जानकरी मिलने पर मौके पर नजदीकी पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल तो कर लिया है लेकिन घटना के खुलासे में पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है।

### जनपद कौशाम्बी को मिले 11 एएनएम, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मुख्य चिकित्साधिकारी ने वितरित किया नियुक्ति पत्र



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन, लखनऊ में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत नवचयनित 1573 ए0एन0एम0 को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसका सजीव प्रसारण मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुंख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार ने 11 नवचयनित ए0एन0एम0 को नियुक्ति पत्र वितरित किया तथा सभी ए0एन0एम0 को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी जनपद कौशाम्बी में नवनियुक्त ए0एन0एम0–नीतू, कंचन, अन्जुला सिंह, प्रियंका पाण्डेय, मीरा, रीना दिपांकर, कुसुम भारतीय, सरस्वती देवी,एकता, गीता देवी तथा सविता राय सम्मिलित है।

### अनुभवों के आधार पर वैज्ञानिक समझ विकसित करें बच्चे : महेश



**हर्रायपुर कौशाम्बी** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में एनडी कान्वेंट एंड स्व. समाधि महाराज सूरजपाल दास इंटरकॉलेज नसीरपुर में फल, फूल और बीज से संबंधित कार्यशाला हुई कार्यशाला का उद्देश्य फल, फूल और बीजों के बारें में बच्चें अनुभवों के आधार पर वैज्ञानिक समझ विकसित करें। दो दिवसीय कार्यशाला में बच्चों ने फूलों का विच्छेदन किया और जाना की एकलिंगी फूल द्विलिंगी फूल, पूर्ण य अपूर्ण फूल क्या होते है? एक बीज पत्री दो बीजपत्री का जड़ एवं पत्तो का संबंध है पौधें को बिना उखाड़े पत्तियों को देखकर उनके जड़ के बारे में जान लेना। फूल के आधार पर आगे बीज बनेगा य फल बच्चों ने स्वयं के अनुभव से अपने चारों ओर पेड़–पौधों की संरचना के विषय में बुनियादी समझ विकसित की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार व अन्य स्टॉप ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### नन्हे–मुन्ने बच्चों का भविष्य खराब करने में लगे हैं कॉन्वेंट स्कूल के ड्राइवर



**कौशांबी** नगर पंचायत चरवा क्षेत्र के कॉन्वेंट स्कूलों की दशा देखिए नन्हे–मुन्ने छोटे बच्चों से कॉन्वेंट स्कूल के ड्राइवर छुट्टी में घर छोड़ने जाते समय रास्ते में नन्हे–मुन्ने बच्चों से पान मसाला गुटखा मंगा कर खाते हैं ड्राइवरों की यह दशा देखकर स्कूल संचालन कार्रवाई करने से क्यों कतराते हैं नन्हे–मुन्ने बच्चों का भविष्य खराब करने में कॉन्वेंट स्कूल के ड्राइवर लगे हैं स्कूल का बच्चा स्कूल का नाम नहीं बता पा रहा है नगर पंचायत चरवा क्षेत्र के स्कूल का वीडियो सामने आया है चालकों के इस कारनामे पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

# विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के प्रगति की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर अपना तथा अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। शिकायत डिफाल्टर होने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। उन्होंने आपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से शेष रह गये कार्यो को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को खराब ट्रांसफार्मर को निर्धारित समय में बदलने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चलाकर खराब ट्रांसफार्मरों को ठीक करवाया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को गोद लिये गये विद्यालय/ऑगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।



जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को शेष रह गये पंचायत भवनों/सामुदायिक शौचालयों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहे गोल्डन कार्ड की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन पंचायत सहायकों द्वारा गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में रूचि नहीं लिया जा रहा है, उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय। उन्होंने जल–जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम से कहा कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़क को उसी तरह बनवाई जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि खोदी गई सड़क 15 दिन के अन्दर ठीक हो जाय। उन्होने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को झाडियों की कटाई के साथ ही साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था, फागिंग एवं एन्टीलार्वा का छिड़काव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि अध्यापकों द्वारा बच्चों को प्रतिदिन संचारी रोगों से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय। बैठक में बताया गया कि निमार्णाधीन ऑगनवाडी केन्द्र, फादिलाबाद के निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा नहीं कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कार्यों में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को भी समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, पीएम स्वानिधि, ओ0डी0ओ0पी0 सहित आदि योजनाओ की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पति से विवाद के बाद संदिग्ध दशा में महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चायल कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव में 17 जुलाई की शाम को पति पत्नी में विवाद हुआ था उसके बाद महिला की हालत खराब होने लगी ग्रामीणों की मदद से महिला को अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है महिला के पति का कहना है कि झगड़े के बाद महिला ने सल्फास खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई है यह पुलिस की जांच का विषय है कि महिला ने स्वयं सल्फास खाया है या झगड़े के बाद उसे किसी ने सल्फास खिलाकर मौत के घाट उतार दिया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को खबर लिखे जाने तक किसी ने तहरीर नहीं दी है मृतक महिला के 2 बच्चे हैं जिनका रो-रोकर हाल बुरा है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मुराद पुर गांव निवासी पूर्णिमा सिंह उम्र 30 वर्ष पत्नी राकेश सिंह का आए दिन अपने पति से विवाद होता है सोमवार की शाम को फिर दंपत्ति में जमकर विवाद हुआ विवाद के बाद महिला की हालत खराब होने लगी दंपत्ति के बीच किस बात का विवाद हुआ था यह बात उसका पति खोलने को तैयार नहीं है महिला की हालत बिगड़ने पर मामले की जानकारी पड़ोसियों को हुई आनन-फानन में महिला को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है महिला की मौत की जानकारी मिलते ही विवाहिता के मायके के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई है खबर लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है पति का कहना है कि महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया है लेकिन जिससे झगड़ा हुआ है वही बयान दे रहा है उसके बयान को कैसे सही माना जा सकता है झगड़े के बाद पति बचाव में बयान दे सकता है।

### मृत युवक की हुई शिनाख्त

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के कनवार बॉर्डर और नगर पंचायत अझुवा के बीच लक्ष्मी ढाबा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार 16 जुलाई देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक का शव मिला था जिसकी आज परिजनों ने शिनाख्त कर ली। युवक फरोक उम्र 20 वर्ष पुत्र सलीम निवासी फिरोजा बाद साउथ का था उसके भाई ने बताया हम लोग तमाम साथी थे मोटरसाइकिल में कुर्सी लादकर बेंचते हैं फिरोजाबाद से छोटा हाथी में सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे युवक नींद में वाहन से नीचे गिर गया प्रयागराज पहुंचने पर मालूम हुआ कि फरोख नहीं है। ढूढते हुए यहां आए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### घटतौली से कार्डधारक परेशान :

**कौशांबी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी बारा ब्लाक के कोसम इनाम गांव में कार्ड धारकों को सरकारी नियम के अनुसार राशन सामग्री नहीं मिल रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि राशन देते वक्त कार्ड धारकों के साथ कोटेदार घटतौली करता है कार्ड धारक को एक किलो राशन कम देता है तमाम कार्ड धारकों को उनके हक का राशन नहीं दिया जाता है अपने अधिकार का राशन मांगने पर लोगों को डांट कर दबंग कोटेदार भगा देता है गांव के गरीब शिकायत करने कहां जाएं। दबंग कोटेदार के कारनामे को कार्ड धारकों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है

## 18 लाख की आबादी पर अकेले नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक को भी शासन ने लिया छीन

**कौशांबी वासियों के स्वास्थ्य को देखते हुए नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक के स्थानांतरण को रोकने की डीएम समेत सांसद विधायक डिप्टी सीएम तथा मुख्यमंत्री से लोगों ने की मांग**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले की 18 लाख से अधिक आबादी के बीच आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में कई अस्पतालों के बीच केवल एक नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक संजय कुमार चौधरी कौशांबी जिले के 24 बेड के भेलखा अस्पताल में तैनात थे लेकिन आयुर्वेदिक चिकित्सक नाड़ी विशेषज्ञ संजय कुमार चौधरी पर शासन की नजर लग गई और इन्हें चित्रकूट जनपद ट्रांसफर कर दिया गया है जिससे कौशांबी जनपद में नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी हो गई है हालांकि अभी नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक संजय कुमार चौधरी कौशांबी से रिलीव नही हुए हैं लेकिन जल्द ही वह जिले से रिलीव हो सकते हैं संजय कुमार चौधरी के रिलीव होने के बाद कौशांबी में नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक का आकाल हो जाएगा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इलाज कराने वाले लोगों का इलाज असंभव होगा योगी सरकार में कौशांबी जिले में नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी पड़ जाएगी जिले वासियों ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सांसद विधायक डिप्टी सीएम के साथ-साथ जिलाधिकारी से मांग की है कि नाड़ी विशेषज्ञ चिकित्सक संजय कुमार चौधरी के स्थानांतरण को रद्द किया जाए और उन्हें कौशांबी के लोगों के इलाज के लिए कौशांबी के भेलखा अस्पताल में तैनात रखा जाए जिससे जिले के लोगों को नाड़ी जांच की सुविधा मिल सके।

## बोल बम जयकारा के साथ गूंज उठा करारी कस्बा



**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशाम्बी** सावन के पावन महीने में करारी कस्बा सहित ग्रामीण आंचल के शिव भक्त भगवान भोलेनाथ को गंगा जल चढ़ाने विभिन्न शिव मंदिरों में जाते हैं इसी कड़ी में मंगलवार को कांवरिया संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरवानी व विहिप प्रखंड संयोजक गणेश वर्मा के नेतृत्व में कस्बा करारी सहित ग्रामीण आंचल के शिव भक्त सन्यासी का रूप लेकर बाबा वैद्यनाथ धाम को गंगा जल अर्पित करने पग यात्रा पर निकल पड़े हैं। गाजे बाजे के साथ शिव भजन में झूमते हुए कांवड़ियों ने नगर भ्रमण किया कांवड़ियों की विदाई में नगर वासी भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए नगर भ्रमण के दौरान कांवड़ियों का लोगों ने जगह जगह जलपान कराया। कांवड़ियों का जत्था कस्बे के इंद्रा नगर मोहल्ले के शिव मंदिर प्रांगण में एकजुट हुए जहां से शिव आराधना के साथ कांवड़िया का सोभा यात्रा नगर के सोनारन टोला, अशोक नगर , नेता नगर और किंग नगर होते हुए प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर समापन हुआ। यहीं से कांवड़िया प्रयागराज के लिए प्रस्थान कर दिए। सुरक्षा की दृष्टि से करारी इंस्पेक्टर गणेश प्रसाद के साथ 5 दर्जन पुलिस के जवान डटे रहे।इस मौके पर विहिप के संगठन मंत्री वेद प्रकाश रूपेंद्र शर्मा, जगदीश, आशीष, अनुज जायसवाल सहित सैकड़ों कस्बाई उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े काट दिए गए सागवान के सैकड़ों हरे पेड़

**3 दिन से चल रहे इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन पर शिकायत के बाद भी रोक लगाने नहीं पहुंचे विभागीय अफसर**



**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नहर रोड के पास सोमचंद द्विवेदी कॉलेज परिसर में लगे सागवन के हरे भरे विशाल सैकड़ों पेड़ को लकड़ी माफियाओं द्वारा इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन के जरिए 3 दिन से काटा जा रहा है पूरे दिन दर्जनों मजदूरों को लगाकर इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीनों से हरे भरे सागवान के पेड़ की कटाई होती है लेकिन उसके बाद भी पेड़ों की कटान रोकने का प्रयास अधिकारियों ने नहीं किया है जनपद मुख्यालय मंझनपुर में लकड़ी माफियाओं का इस कदर बोलबाला है विभाग के अधिकारी तमाशबीन बने हुए हैं और आए दिन लकड़ी माफिया वन विभाग के कार्यालय के अफसरों के पास देखे जाते हैं जिला मुख्यालय में डीएम एसपी की मौजूदगी के बाद लकड़ी माफियाओं के हौसले कम नहीं हुए हैं मंझनपुर थाना पुलिस भी अवैध लकड़ी कटान पर 3 दिन बाद भी कटान रोकने नहीं पहुंच सकी हैं सूत्रों की माने तो अवैध कटान रोकने वाले लोग लकड़ी माफियाओं के हाथ बिक चुके हैं और मोटी रकम वसूली में लगे हैं बेखौफ तरीके से लकड़ी माफियाओं ने सोम चंद्र द्विवेदी गेस्ट हाउस स्कूल परिसर में लगे सागवान के सैकड़ों हरे पेड़ को 3 दिन के बीच काट दिया काटे गए पेड़ की आधी लकड़िया भी माफिया उठा ले गए मामले की शिकायत वन विभाग से हुई लेकिन शिकायत के बाद भी हरे पेड़ों के कटान को रोकने का प्रयास काटी गई हरी लकड़ियों को विभाग के कब्जे में लेने का प्रयास लकड़ी माफिया और स्कूल संचालक पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने उनसे जुमार्ना वसूले जाने की कार्यवाही खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी है एक तरफ सरकार वृहद पौधारोपण की बात कर रही है आए दिन मीटिंग होती है लेकिन पौधारोपण कराने की बात करने वाले वन विभाग के अफसर भी अवैध कटान को नहीं रोक सके हैं सवाल उठता है कि धरती कैसे हरी भरी होगी एक तरफ पेड़ काटे जाएंगे दूसरी तरफ पेड़ लगाए जाएंगे जब लगातार हरे पेड़ों की कटान जारी रहेगी तो कैसे धरती में हरियाली होगी कैसे पर्यावरण का संरक्षण होगा यह बड़ा सवाल है मुख्यालय में पेड़ काटे जाने के मामले को प्रमुखता से लेना होगा और बेखौफ लकड़ी माफियाओं पर कठोर कार्रवाई करनी होगी।

## कौशाम्बी के फामेर्सी कालेज सहित 427 फामेर्सी कॉलेज ब्लैक लिस्टेड

**कौशाम्बी।** फामेर्सी कॉलेज की शिकायतों पर जांच कराने के बाद शासन ने गंभीर निर्णय लिया है पूरे प्रदेश में 427 फामेर्सी कॉलेज को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश शासन स्तर से जारी किए गए हैं इस लिस्ट में कौशांबी का भी एक फामेर्सी कॉलेज शामिल है प्रदेश स्तर से ब्लैक लिस्टेड फामेर्सी कॉलेज की जारी की गई 427 फामेर्सी कॉलेज की सूची में कौशांबी के मुंशी रामधनी जगरूप सिंह महाविद्यालय फामेर्सी बैशकाटी भी शामिल है बताया जाता है कि फामेर्सी कॉलेज में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं होती थी जिसकी शासन स्तर से शिकायत हुई थी लंबे समय तक जाच चली जांच के दौरान 427 विद्यालय दोषी पाए गए उत्तर प्रदेश में फामेर्सी के 427 कॉलेजों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है संबंधित अधिकारियों ने छात्र छात्राओं से कहा है कि इन ब्लैकलिस्ट किए गए कालेज में एडमिशन न कराएं।

# सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्षों की पहचान :धर्मराज मौर्य

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा ,सुशासन ,गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में चल रहे संपर्क से समर्थन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 18 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कौशांबी जिले के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार में प्रधानाचार्य डॉक्टर रामकिरण त्रिपाठी , सभी अध्यापक गणों,को पत्रक देकर ,छात्र/ छात्राओं को विकास कार्यों व 9090902024 पर कॉल करने एवम सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी है बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना की है उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के खाता में पहुंचता है बीच में कोई दलाल य बिचौलिए नही होते मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि,प्रधान मंत्री ने आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, उज्वला योजना, मुफ्त राशन योजना, हर घर नल योजना आदि योजनाओं द्वारा गरीबों, जरूरतमंदों का कल्याण किया है, आप सभी बच्चो के घर में



मोबाइल होगा प्रत्येक परिजन उपरोक्त नंबर पर काल करें सीधे प्रधानमंत्री से बात करें हालांकि सब से बात करना असम्भव है लेकिन प्रधानमंत्री किसी भी नंबर में फोन कर सकते हैं उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से विदेशियों में हमारे देश के प्रति सोच बदली है उन्होंने कहा छात्र हमारे देश के भविष्य हैं प्रधानमंत्री बच्चो से संवाद कर तनाव न लेने की सलाह देते रहते हैं सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में तमाम योजनाओं को लाकर जीवन स्तर उठाने का प्रयास किया है। सरकार की योजनाओं का जमकर बखान किया इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ,हजारों छात्र/छात्राएं सहित अझुवा मंडल उपाध्यक्ष एसपी मौर्य,मंडल महामंत्री प्रशांत केसरवानी मौजूद रहे।

संपादकीय

# मीडिया को कश्मीर फाइल्स का संदेश

कश्मीर फाइल्स ने जिस दृढ़ता के साथ 1991 के साम्प्रदायिक नरसंहार की सच्चाई को समाज के समक्ष रखाए बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपए से अधिक की कमायी करके फिल्म ने उसके आलोचकों को भी उतना ही सशक्त उत्तर दिया अन्यथा दर्शकों की मांग के नाम पर एकतरफा नैरेटिव स्थापित करने के लिए बॉलीवुड में बैठा एक वर्ग हमेशा से ही भारतीय संस्कृतिए इतिहास और समाज पर भ्रम पैदा करने वाली फिल्मों की वकालत करता रहा है।

अपनी सफलता के साथ ही हिंदी सिनेमा में कश्मीर फाइल्स ने एक नए युग की शुरूआत तो की ही हैए साथ ही समाज की अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं के लिए भी फिल्म ने कई महत्वपूर्ण सबक छोड़े हैं। पत्रकारिता और विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए यह फिल्म इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि यदि तथ्यों पर डटे रहकर देश.दुनिया की अनछुयी घटनाओं को उजागर किया जाए तो विश्वसनीयता और बाजारवादी टीआरपी के मानक पर एक साथ खरा उतरा जा सकता है।

मनोरंजन जैसे क्षेत्र में कश्मीर फाइल्स का बनना और सफल होना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके प्रचंड विरोध के बावजूद साम्प्रदायिक तुष्टिकरण की हर कोशिश में जुटा समूह फिल्म की कथा.पटकथा पर सवाल नहीं खड़े कर सका। तथ्य और सत्यता को लेकर विरोधी इसे कटघरे में खड़ा नहीं कर सके। फिल्म का प्रदर्शन रोकने के लिए कुछ लोग न्यायालय भी गए मगर हाईकोर्ट ने जांच.परख के बाद याचिका खारिज कर दी। ऐसे दौर में जबकि मनोरंजन क्षेत्र विषय की गंभीरता के प्रति समर्पण के उदाहरण स्थापित कर रहा हैए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सोचना होगा कि आंधी.तूफान आने पर स्टूडियो के भीतर नकली बारिश कराना और न्यूजरूम में छाता पकड़कर किस प्रकार की रिपोर्टिंग हो रही हैघ

छोटी.मोटी घटना को अनायास तूल देकर दिन.दिनभर उसका प्रसारण खींचते जाना और तिल का ताड़ ही आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का पर्याय बन गया है। दो देशों के बीच मामूली तनातनी को तीसरे विश्व युद्ध की आहटए सिलेब्रिटी के बच्चों की दिनचर्या पर फिजूल प्रोग्रामए कभी चक्रवात.भूकंप आदि पर अनायास भय का वातावरण तैयार करना और कुछ नहीं तो पाकिस्तान से अवैध तरीके से नोएडा आ गयी संदिग्ध प्रेमिका को विवेकहीन कवरेज देकर महिमामंडित करनाए लगभग सभी न्यूज चैनलों पर रोज शाम की राजनीतिक बहस में पक्ष.विपक्ष की तू तू मैं मैं आज दर्शकों को एक भयावह कार्यक्रम लगने लगा है। सही अर्थों में कई बार टीआरपी की महत्वाकांक्षा में न्यूज चैनल बहुत ही बचकाने और भोंडे कंटेंट परोसने से भी गुरेज नहीं करते। यही कारण हैं कि टेलीविजन की टीआरपी में न्यूज चैनलों की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है। टीआरपी घटने पर विज्ञापनदाता भी दरों में रियायत की मांग करते हैं। आय.व्यय और टीआरपी साधने के इस दुष्चक्र ने समाचार चैनलों की दक्षता को निश्चित रूप से प्रभावित किया है।

भारतीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आकार और उसकी क्षमता को यदि सही दिशा दी जाए तो यह माध्यम न सिर्फ समाज की चेतना जागृत करने में सहायक होगा बल्कि विश्व के समक्ष भारत के लिए कलम के सिपाही का वास्तविक पर्याय भी सिद्ध हो सकता है। धरातल का सत्य यह है कि आज भारत की मीडियाए विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम प्रत्येक दृष्टि से समृद्धि के शिखर पर है। साधनए संसाधनए तकनीकए स्थापना और अर्थ की इस क्षेत्र में कोई कमी नहीं है। तीव्र गति से बढ़ते मीडिया के व्यावसायिक स्वरूप ने पत्रकारिता में अपेक्षित स्वस्थ प्रतियोगिता को आपसी प्रतिद्वंद्विता का रूप दे दियाए जिसमें सुधार बहुत आवश्यक है।

टीआरपी की अंधी दौड़ में मीडिया संस्थान आज रेलवे स्टेशन और रोडवेज के आसपास चलने वाले भोजनालयों की तरह आचरण करने लगे हैंए जहां भोजन की गुणवत्ता के बजाय दिन भर छौंकन और चटपटी तस्वीरों से राहगीरों को लुभाने के यत्न होते हैं। आज मारतीय मीडिया की रिपोर्टिंग राष्ट्रीय से क्षेत्रीयए क्षेत्रीय से शहरी और शहरी से गली.घर की दिशा में नीचे उतरती जा रही है। जबकि होना यह चाहिए था कि संसाधन सम्पन्न मीडिया हाउस राष्ट्रीय सीमाओं को लांघकर अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग के लिए विश्व में अपना सम्मानजनक और विश्वसनीय स्थान सुनिश्चित करते। न्यूज चैनलों को अपनी मेधा और क्षमता का प्रयोग भारत विरोधी शक्तियोंए संगठनोंए मीडिया और देशों को माकूल जवाब देने के लिए करना चाहिएए न की वह छोटी.छोटी अनर्गल पंचायतों में उलझे।

अमेरिकाए ऑस्ट्रेलियाए कनाडाए न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे अनेक देशों के मूल निवासियों की दशाए उनका इतिहास और जनसांख्यिकी आदि पर यदि समेकित और पूर्णतः सत्य आधारित रिपोर्टिंग शुरू हो तो आए दिन भारत में असमानता और भेदभाव का मिथ्या आलाप करने वाली पश्चिमी शक्तियां दुनिया के सामने अपना पक्ष तक नहीं रख सकेंगी। इसी प्रकार दुनिया भर में समृद्ध देशों के चंगुल में फंसे छोटे देशों की आर्थिकीए उनकी दशा.दुर्दशा को ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और आंकड़ों के साथ प्रस्तुत किया जाए तो बाजारवाद और खुले बाजार के भविष्य व जोखिमों से सामान्य व्यक्ति भी परिचित हो सकेगा। विदेशी मीडिया हाउस दूसरे देशों को बदनाम और असहज करने के लिए हमेशा नियोजित रहते हैं फिर भी भारत के दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों ने इससे कोई सीख नहीं ली है। जबकि भारतीय मीडिया को दुष्प्रचार के बजाय सिर्फ सत्य के उद्घाटन की राह पकड़नी है।

कश्मीर नरसंहार की तरह ही विश्व के इतिहास में भी अत्याचारए शोषणए षड्यंत्र और अन्याय के अगणित काले अध्याय आजतक इसलिए भी दबे हुए हैं क्योंकि उनके सच को उजागर करने के लिए भारत जैसे बड़े देश की सशक्त मीडिया ने इस दिशा में अभी तक वह गंभीरता और सक्रियता दिखाई ही नहीं है। भारतीय मीडिया संस्थानों में विदेशी विचारों और विचारकों का अतिशय प्रभाव इसका एक मुख्य कारण है। साथ ही विगत दो दशकों में भारतीय मीडिया के त्वरित विकास के परिणामस्वरूप सम्पादकीय में पद अनुरूप अनुभवी और गंभीर मानव संसाधन की कमी के कारण विषयों का चयन और योजना.रचना के स्तरीय कार्य भी नहीं हो पा रहे। अधिकतम आय और विज्ञापन के दबाव ने प्रबंधन को सम्पादकीय पर हावी कर दिया है जिसके कारण बहुत सी समाचार सामग्री कारोबारी हितों के प्रतिकूल बताकर रोक दी जाती है। भारतीय मीडिया के लिए अच्छा रहेगा यदि वह स्वयं की इन चुनौतियों को पहचानकर यथाशीघ्र अपनी विश्वसनीयता और वस्तुनिष्ठता के प्रति सचेत हो जाए। समाचार सामग्री निष्पक्ष व तथ्यात्मक होए देश.समाज के सरोकारों और जन अपेक्षाओं के अनुरूप हो तथा सूचनाओं में सत्यता से किसी भी प्रकार का समझौता पूर्णतः अस्वीकार्य हो। यदि समाचार विज्ञापनदाताओं की उद्देश्यपूर्ति का साधन बनेंगे तो एक छोटे से वर्ग को संतुष्ट करने के लिए व्यापक समाज में विश्वसनीयता का ह्रास किसी भी संस्थान के लिए घातक हैए विशेषकर पत्रकारिता के लिए तो विश्वसनीयता ही परमब्रह्म है।

# शहरों में आने वाली बाढ़, सरकारों की विफलता या जनता की लापरवाही !

**अशोक भाटिया**

भारी बारिश का कहर अभी उत्तर भारत के राज्यों पर जारी है। हिमाचल प्रदेशए पंजाब और हरियाणा के अलावा दिल्ली में बाढ़ का प्रकोप है। दिल्ली में हालांकि यमुना का पानी उतर रहा है लेकिन अब भी ये खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इस बीचए बाढ़ और बारिश से होने वाले अन्य हादसों में मौतों का आंकड़ा डराने वाला है। अब तक के आंकड़ों के मुताबिक यूपीए पंजाबए हिमाचल और हरियाणा में बारिश और बाढ़ के कारण 89 लोगों की मौत हुई है। इनमें से पंजाब में 29 और हरियाणा में 26 मौतें हैं यानी इन दोनों राज्यों को मिलाकर अब तक कुल 55 लोगों की जान गई है। यूपी में 10 लोगों ने जान गंवाई है।



बाढ़ के कहर के कारण पंजाब में 25000 से ज्यादा लोगों और हरियाणा में 5000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित इलाकों में ले जाना पड़ा है। पंजाब में घग्गर नदी ने संगरूर जिले के 20 गांवों को जलमग्न किया है। लाखों हेक्टेयर खेतों में फसल चौपट हो गई है। बाढ़ का पानी कल से कम होने के आसार बताए जा रहे हैंए लेकिन अगर तेज बारिश का दौर फिर शुरू हुआए तो बाढ़ के फिर विकराल रूप लेने की बड़ी आशंका है। बारिश और बाढ़ की वजह से जगह.जगह जलभराव हुआ और इस वजह से आम लोगों में तमाम तरह की बीमारियां फैलने का भी अंदेशा है।

हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ के बाद 24 लोगों के शव मिले हैं। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के मुताबिक जिन लोगों के घर पूरी तरह बाढ़ से नष्ट हुएए उनको प्रति परिवार 145000 और कम क्षतिग्रस्त घरों के लिए 1 लाख रुपए दिए गए हैं। सीएम सुक्खू के मुताबिक हिमाचल में बाढ़ से 5000 करोड़ के बराबर संपत्ति का नुकसान हुआ है। बता दें कि हिमाचल में ब्यास नदी के उफनाने से 700 से ज्यादा सड़कें और तमाम पुल बह गए हैं। इनको फिर से बनाने के लिए काफी धन खर्च होगा। उधरए पहाड़ी इलाके वाले राज्य उत्तराखंड में जबरदस्त बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने दिया है। शासन की तरफ से सभी जिलों को इस वजह से अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

देखा जाय तो इस किस्म की तीव्र मौसम.जनित घटनाएं आजकल बहुत बार हो रही हैं। मसलन सुनीता नारायण जो सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट थिंक टैंक की प्रमुख हैं एकहती हैं कि जनवरी 2022 से सितम्बर 2022 में औसतन हर दिन किसी न किसी प्रकार का अति .तीव्रता का वैदर इवेंट हुआ है एचाहे वो हीट वेव हो या अत्यधिक बारिश या शीत लहर पर सोचने वाली बात यह है कि क्या यह सिर्फ बिना चेतावनी की आयी आपदा है या सालों की नजरअंदाजी और तमाम अन्य कारणों से हुआ है।

इस सन्दर्भ में हम विशेषतः चक्रवाती बारिशों का विकराल रूप हो बैंगलोर एदिल्ली ए हैदराबाद जैसी शहरी बाढ़ें हों ए राजस्थान और गुजरात में आयी बाढ़ें ;जहां बारिश का आम तौर पर कमी की समस्या होती है द्धऔर जलभराव हों ए उत्तर पूर्व के आसाम और अन्य राज्यों में में हर वर्ष आने वाली बाढ़ें हों सभी में कोई न कोई असामान्यता तो है।

वैसे आम तौर पर उत्तर भारत खासकर उत्तर पश्चिमी भारत अपने बहुत ही कम वर्षा के लिए जाना जाता है। दिल्लीएपंजाबएहरियाणा में बारिश के साधारण अनुपात से कहीं अधिक बारिश जब एक या दो दिन में हो जाती है तो वह इस किस्म की स्थिति को उत्पन्न करती है एऐसा कहा जा रहा है।

हिमाचल में कुछ दिनों पहले आपने वह रौद्र होती व्यास नदी के आगोश में बहते चमचमाती गाड़ियों और पूरे के पूरे घरों का वायरल वीडियो देखा होगा। टूरिस्टों का फंसनाए उत्तराखंड एहिमाचल में लैंड स्लाइड्स ए सड़कों का दरकनाए पुलों का भरभराकर बह जानाए गले गले पानी में मवेशियों के दृश्यए वह रौद्रता अब हिमाचलए दिल्ली सहित अन्य उत्तरी राज्यों में भी पसर चुकी है। इसी तरह पंजाब के मोहाली में एक पॉश रेजिडेंशियल सोसाइटी के लोगों का वीडियो भी देखा जा सकता है जहाँ लक्जरी गाड़ियां पार्किंग में इतनी डूब चुकी हैं कि दिखाई भी मुश्किल से पड़ रही हैं। गुरुग्रामए नोयडा तो खैर हर बारिश में ही इतने डूबे रहते हैं जबकि ये उत्तरप्रदेश एहरियाणा और दिल्ली के अर्थ केंद्रों में से एक हैं।

दिल्ली में तो यमुना का स्तर पैंतालीस सालों के बाद इतना भयावह हुआ है। निचले हिस्से तो जलमग्न हैं ही ए पॉश सिविल लाइन्स जैसे क्षेत्र भी प्रभावित हैं। पानी के ट्रीटमेंट प्लांट्स में पानी घुसने से पानी की आपूर्ति पर असर पड़ा है। लाल किला हो या नयी दिल्ली हो एयमुना पार के हाल तो बेहाल हैं ही। हजारों परिवार बेघर हुए हैं। खासकर समाज के हाशिये पर रहने वाले लोग जो निचले हिस्से में रहते हैं।

सड़कों के साथ रेलवे ट्रैक्स में पानी भर गया है। लोग बमुश्किल जैसे तैसे खुले आसमान में ;जहां बारिश थमी नहीं है द्ध बसर कर रहे हैं। बिजली की आपूर्ति ऐसे में ठप हो गयी है। देश में जहाँ सब्ज़ियों के दाम वैसे ही आसमान छू रहे हैं वहाँ ए मूलभूत जरूरतों की वस्तुओं की आपूर्ति ऐसे में और मुश्किल हो जाती है। इस गंदे पानी में तैरना तक पड़ रहा है। नावों की पहुँच अब हर किसी के पास तो नहीं होगी न! ऐसे में कीड़े और जहरीले जीवों खतरा कितना होगा सोचिये जरा। दवाइयोंए खाने पीने से लेकर तबाह हुई गृहस्थी की मानसिक पीड़ा। यह सब फिर से जोड़ने में वक़्त लगेगा पर सवाल कि आखिर यह कोविड की तरह आयी ऐतिहासिक आपदा तो थी नहीं। तो सिर्फ आरोप.प्रत्यारोप या कुदरत के कहर को दोष देना काफी होगा घ

सिर्फ यमुना ही नहींए बाढ़ गंगाए घग्घरए कोसीए ब्यासए ब्रह्मपुत्र के किनारे के सभी राज्यों में अलग.अलग रूप में बनी हुई है पर सवाल यहां अगर सरकारों की विफलता का है तो सूची बहुत लम्बी है। यह राजनीतिक दलों से परे भी है कि क्योंकि यह शहरी योजना की विफलता सालों की परिणति है। उदाहरण के तौर पर हमारे लगभग सभी शहरों की जल निकासी व्यवस्था अक्सर थोड़ी सी बारिश में ही गड़बड़ा जाती है। हम वैज्ञानिक ह्यड्रोजोलॉजिकल सिस्टम्स को ताक पर रखकर पर रखकर विकास कर रहे हैं। क्लाइमेट चेंज और मजबूत ढाँचे पर भारत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अगुवाई कर रहा है पर घरेलू स्तर पर एनवायरनमेंट इम्पैक्ट अस्सेसमेंट ;म्प्। द्ध सिर्फ एक औपचारिक प्रक्रिया रह जाती है। इसमें आप किसी भी प्रोजेक्ट को पर्यावरण पर पड़ने वाले असर के पैमानों पर कसते हैं।

मसलन चारधाम मार्ग निर्माण को रोकते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इसके कुछ हिस्से बेहद ही खतरनाक परिणाम दे सकते हैं पर 2013 की उत्तराखंड आपदा और इस कोर्ट के आदेश के बावजूद केंद्र और राज्य सरकार विकास के इस रूप के लिए कटिबद्ध रही। उत्तराखंड को इस बार की बाढ़ों में 4000 करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर की हानि हुई है। जोशीमठ का डूबना तो सर्वविदित है ही।

शहरी जनसंख्या के अनियोजित विस्तार के कारण भी यह समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। नदियों के मैदानों में बड़े बड़े प्रोजेक्ट्स खड़े होते हो या फिर जमीन के कारण उन हिस्सों में झुग्गियां बनाने वाले प्रवासी और अन्य कमजोर वर्गए ये सभी मजबूरी या लालच के कारण नदी को उत्खनित करते हैं एउसे उसकी प्राकृतिक जगह नहीं देते हैं। तो वहीं कचरा प्रबंधन की भयानक विफलता भी इस समस्या का एक कारण है। बेंगलुरु की एक झील के किनारे कुछ समय पहले आपने कचरे के विशाल ढेर देखे होंगे और सूखी झीलों में लगती आग भी। यमुना के सफेद केमिकल वाले झाग युक्त पानी का रूप भी इससे जुड़ा है। शहर का सारा मलबाए कचरा आदि सब नालों एनदियों और झीलों .नहरों आदि में ही अंततः पहुँचता है। उदाहरण के तौर पर दिल्ली में सेंट्रल विस्टा यानी कि नए संसद और मेट्रो प्रोजेक्ट्स का मलबा हिस्सों में जलभराव की स्थिति को खराब कर रहा है। आम जनता क्लाइमेट चेंज की इस प्रक्रिया को समझ रही है पर अब देर हो चुकी है ऐसा लगता है। हालाँकि जीवन में छोटे.छोटे बदलाव लाकर हम पर्यावरण की चुनौतियों से लड़ने को तैयार हो सकते हैं पर अगर हम अंधाधुंध शहरीकरण की दौड़ में लगे रहना चाहते हैं तो फिर हम खुद ही के प्रयासों को बेकार कर रहे हैं। सुनीता नारायण जी बड़ी अहम बात कहती हैं कि हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट मत बनाइयेए ऐसा बिलकुल नहीं कहा जा रहा है पर कम से कम मॉल्स की होड़ में पहाड़ों की छाती में अंधाधुंध हथौड़ा और मशीन तो मत चलाइये। उत्तराखंड त्रासदी के समय हमने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट्स अस्थिरता लाते हैं पर हमने नजरअंदाज करना चुना।

महाराष्ट्रए केरलए कर्नाटक में आयी कुछ साल पहले बाढ़ और चक्रवातों के साथ आयी बाढ़ दक्षिण भारत का सच है। राज्यों के बीच बैरेज से पानी छोड़े जाने को लेकर वहाँ भी तनाव एक अलग कारण रहा है जैसे दिल्ली सरकार वर्तमान में हथिनीकुंड बैरेज को लेकर चिंता जता रही है।

जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को आपदा प्रबंधन को सिर्फ आपदा के दौरान और उसके बाद के करोड़ों के मुआवजा पैकेज की मांग तक सीमित रखने की आदत को बदलना होगा। उदाहरण के तौर पर हम उड़ीसा के चक्रवात से लड़ने की व्यवस्थात्मक तैयारी से सीख सकते हैं जिससे जानमाल की हानि अब बहुत काम होने लगी है।

# दफ्तरों के इर्द-गिर्द खुशियां टटोलते पति-पत्नी

**आज एकल परिवार और महिलाओं की नौकरी पर जाने से दांपत्य सुख के साथ-साथ पारिवारिक सुख जो होना चाहिए वह नहीं है। बच्चे किसी और पर आश्रित होने के कारण टीवी मोबाइल में घुसे रहते हैं। कामकाजी पति-पत्नी के मामलों में यह बात सामने आ रही है कि दोनों ऑफिस के बाद घर में मोबाइल पर व्यस्त हो जाते हैं। सोशल साइट्स पर चैटिंग करना भी घर टूटने का एक बड़ा कारण बन रहा है। ऐसे मामलों में एक-दूसरे का हस्तक्षेप भी पसंद नहीं आ रहा है। अपने-अपने मोबाइल में घुसे रहते हैं जबकि उन्हें तब दांपत्य सुख के साथ जीना चाहिए। ऐसे में भौतिक सुख सर्वोपरि हो जाता है। माना कि कुछ शादीशुदा महिलाएं अपवाद हो सकती है, पर शादीशुदा औरतों का नौकरी करना उनके परिवार को पूर्ण सुख दे पाता है या नहीं ये आज हमारे समाज की एक ज्वलंत व्यथा है।**

**-प्रियंका सौरभ**

आज की स्थिति ठीक उल्टी है। जब से पुरुष और नारी में बराबरी की बात चल पड़ी है। समान अधिकारों की बात चल पड़ी है। उन्हें शिक्षित करने और फिर शादीशुदा औरतों को भी नौकरी करने की बात चल पड़ी है। तब से बौद्धिक सुख में अपार वृद्धि तो जरूर हुई है किंतु दोनों के बीच का आत्मिक सुख कहीं खो सा गया है।पति-पत्नी दोनों एक-दूजे में खुशी खोजने के बजाय अपने दफ्तरों के इर्द-गिर्द खुशियां टटोलने में लगे रहते हैं। इस तरह जाने-अनजाने खुशियां मिल भी जाती है। किंतु क्या उनका आत्मिक संबंध इतना मजबूत रहता है कि वह परिवार की मयार्दा बनाए रखने के साथ-साथ बच्चों का समुचित और सर्वांगीण विकास कर सके। यहां पर सोचने की बात यह है कि आज अधिकांश बच्चे क्यों बिगड़ रहे हैं? क्यों उनका संतुलित विकास नहीं हो पाता? क्यों वातानुकूलित रूम में बैठे दंपति अपने - अपने टीवी और मोबाइल खोल कर बैठ जाते हैं? और खो जाते हैं रंगीन ख्वाबों की दुनिया में। करीब का दांपत्य सुख क्यों बोरियत लगने लगा है? और क्यों बहुत जल्दी ही तो थकान में बदल जाता है, उनका अपना मधुर दांपत्य संबंध?

क्यों आम जीवन में जी रहे दंपति के अपेक्षा नौकरीपेशा पति-पत्नी अभिमानी और संगीन भावनाओं के शिकार हो जाते हैं? शादीशुदा औरत और नौकरी के संदर्भ में सोचे समझे तो क्या शिक्षित औरतों को नौकरी की तभी जरूरत है जब पुरुष कमा कर उसे खिलाने-पिलाने और परिवार चलाने में असमर्थ साबित हो? ताकि नौकरी कर इससे शिक्षित औरतें घर परिवार को शिक्षित बना सकेगी और सही से अपने बच्चों की देखभाल भी कर सकेगी? या हम ये कहें कि यदि औरतों को इतना शौक है नौकरी करने का तब मर्द को चाहिए कि वह घर संभाले। दोनों के किसी भी एक के अभाव में घर और परिवार एक मकान मात्र रह जाता है या रोटी दाल सब्जी सब कुछ मिल जाता है किंतु संस्कार नहीं मिल पाते।

कामकाजी पति-पत्नी की एक-दूसरे पर निर्भरता खत्म होती जा रही है। दोनों स्वतंत्र होकर फैसले लेते हैं, जिसमें कई बार ईगो भी टकराता है। साथ ही एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाना भी भाग-दौड़ भरी जिंदगी में अलगाव का एक बहुत बड़ा कारण बन रहा है। अगर दोनों खुलकर बातचीत करेंगे तो उनके अंदर की बातें सामने आएंगी। वास्तव में यह तो सच ही कि अगर स्त्री को अपना परिवार बचाना है तो अपने बच्चों के साथ- साथ सबका ध्यान रखना ही होगा। दाई नौकर के भरोसे बच्चों को छोड़ेंगे तो बच्चा ऐसा नहीं होगा जैसा कि मां के साथ रहकर बनता है। आया एक मां का दिल नहीं ला सकती। इसलिए शादीशुदा औरतों को ऐसे समय नौकरी करने नहीं जाना चाहिए ताकि वह प्यार में बच्चों को बढ़ा करें। ताकि भटकती युवा पीढ़ी इस समाज को नहीं मिले, उनका पति चिंतित काम पर जाए। शाम को प्यारी पत्नी और बच्चों का मुस्कुराता चेहरा देख वह भी प्रसन्न हो।

दोनों साथ मिलकर बच्चों की देखरेख करेंगे तभी एक सुंदर समाज का निर्माण होगा। सपनों का भारत तैयार होगा। नौकरी करने के बाद शादीशुदा महिलाओं में आई अहम की भावना वर्तमान समाज के लिए घातक है। पति-पत्नी दोनों को समय नहीं है न एक दूजे के लिए और न बच्चों को देखने के लिए। ऐसे में आया के भरोसे अपने बच्चों का पालन करते हैं। आया जो खुद के बच्चों को छोड़कर आती है तब दूसरों के बच्चों से कितना प्यार करेगी? यह सोचने वाली बात है। बच्चों की परवरिश ठीक नहीं होने के कारण आज वृद्धाश्रम की संख्या बढ़ रही है। दादा-दादी, नाना-नानी सेबच्चों को बच्चों को प्यार के साथ संस्कार भी मिलेंगे और वृद्धाश्रम की संख्या घटने लगेगी।

आज एकल परिवार और महिलाओं की नौकरी पर जाने से दांपत्य सुख के साथ-साथ पारिवारिक सुख जो होना चाहिए वह नहीं है। बच्चे किसी और पर आश्रित होने के कारण टीवी मोबाइल में घुसे रहते हैं। कामकाजी पति-पत्नी के मामलों में यह बात सामने आ रही है कि दोनों ऑफिस के बाद घर में मोबाइल पर व्यस्त हो जाते हैं। सोशल साइट्स पर चैटिंग करना भी घर टूटने का एक बड़ा कारण बन रहा है। ऐसे मामलों में एक-दूसरे का हस्तक्षेप भी पसंद नहीं आ रहा है। स्वयं पति-पत्नी घरेलू काम या बच्चों पर कोई चर्चा नहीं कर पाते। अपने-अपने मोबाइल में घुसे रहते हैं जबकि उन्हें तब दांपत्य सुख के साथ जीना चाहिए। ऐसे में भौतिक सुख सर्वोपरि हो जाता है। माना कि कुछ शादीशुदा महिलाएं अपवाद हो सकती है, पर शादीशुदा औरतों का नौकरी करना उनके परिवार को पूर्ण सुख दे पाता है या नहीं ये आज हमारे समाज की एक ज्वलंत व्यथा है।

पति-पत्नी को एक-दूसरे को समय देना भी जरूरी है। अन्यथा रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच जाता है। पति-पत्नी के बीच ईगो भी एक बड़ा कारण बन रहा है। साथ ही ससुराल पक्ष कामकाजी बहू से अपेक्षाएं भी पूरी रखते हैं, जिससे घर में झगड़े की स्थिति बन रही है। हालांकि, ऐसे मामलों में काउंसलिंग कर पति-पत्नी के बीच की दूरियों को कम किया जा रहा है। इसलिए काम काजी पति-पत्नी एक-दूसरे से बातचीत जारी रखें और दोनों एक-दूसरे के लिए समय जरूर निकालें।

# क्रेडिट स्कोर से जूझते रिटेल लोन उपभोक्ता

**पंकज गांधी**

इस बार पीएसबी के प्रमुखों के साथ हाल ही में एक बैठक मेंए वित्त मंत्री ने उनसे मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं और साइबर सुरक्षा जोखिमों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया था ।वित्त मंत्री ने बैठक में खराब ऋणों की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पहचान सुनिश्चित करने और मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं पर जोर दिया ताकि विकास और लाभप्रदता की गति बरकरार रहे। खराब ऋणों की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पहचान की प्रक्रिया में आइये यहां पर मैं रिटेल लोन जैसे की होम लोनए कार लोनए पर्सनल लोन में आ रही क्रेडिट स्कोर की व्यावहारिक परेशानियों का विश्लेषण करता हूं जिससे आजकल अक्सर लोन लेने वाले दो चार हो रहें हैंण पहला आप कहीं भी लोन लेने जाइये सिबिल स्कोर सबसे पहला आधार होता हैण यह ऐसा स्कोर होता है जो एक बार खराब हुआ तो रिटेल लोन मिलना मुश्किल हो जाता है। अगर आपने पूर्व में वित्तीय परेशानियों के कारण अपने किसी लोन का पुनर्गठन करा लिया हैए या सेटेलमेंट करा लिया तो यह रिकॉर्ड आपका पीछा नहीं छोड़ेगा और जब भी आप लोन लेने जायेंगे तो आपको परेशान करता रहेगा। शुरूवाती समय में बहुत से लोग क्रेडिट कार्ड का ठीक से प्रयोग करना नहीं जानते थे। जब कार्ड पर हाई ब्याज और पेनाल्टी जुड़ने लगा तब जाकर लोगों ने बिल पे करना शुरू कियाण उस समय जिन्होंने क्रेडिट कार्ड कंपनियों के साथ सेटलमेंट किया वो आज परेशान हैंण यहां सेटलमेंट का ऑफर भी क्रेडिट कार्ड कंपनियां लेकर आईं थींए उच्च ब्याज और पेनाल्टी भी उन्होंने ही लगायाए और सेटलमेंट में फायदा भी ज्यादा उन्ही का हुआए क्यूंकि लोन बुक भी उन्ही का ठीक हुआण लेकिन इस एक्शन से उस युवा का वित्तीय रिकॉर्ड आगे के लिए खराब हो गयाण और आज जब वह बैंक लोन लेने जाता है उसे अक्सर लौटा दिया जाता है या इसको लेकर उसे अक्सर अनचाहे सवालों का सामना करना पड़ता हैण यह सेटलमेंट उसके सामने कई बार एक रुकावट के रूप में सामने आती हैण मेरा मानना है कि यहां एक नियमन आना चाहिए की ऐसे रिकॉर्ड किस अवधि तक सिबिल में दिखेंगे। दूसराए कोरोना में सरकार मोरेटोरियम लेकर आई थी और बैंकों ने आगे आकर मोरेटोरियम दियाए कुछ ने आगे आकर ऋण का पुनर्गठन भी किया। इसमें उस व्यक्ति का कम बैंकों और एनबीएफसी को ज्यादा फायदा थाण यह तो रीटेल लोन था देर सबेर वह किश्त देता ही थोड़ा पेनल इंटेरस्ट के साथ देता। लेकिन इसमें बैंकों और एनबीएफसी ने फायदा कमायाए ब्याज कोई माफ नहीं हुआए उससे लोन की राशि बढ़ा दिया और यह भी रिकॉर्ड में आ गयाण एनबीएफसी ने अपने बुक को सही करने के लिए सामने से बुलाकर ऋण का पुनर्गठन कर दियाए अब आम आदमी परेशान हैण सिबिल के रिकॉर्ड में पुनर्गठन दिख रहा हैण लोगों को यह बात अब लोन लेते वक़्त बैंक को समझाने में पसीना निकल जा रहा है। तीसरी परिस्थिति की बात करते हैं वह है रियल एस्टेट का सबवेन्शन स्कीम। यहां बिल्डर को फाइनेंस की उपलब्धता खरीददार की कीमत पर मिल जाती है। बड़े पैमाने पर ष्नो ईएमआई टिल पजेशनष का सार्वजनिक प्रचार कर बिल्डर द्वारा बैंक से बिल्डर के गठबंधन की बात बताई जाती हैण खरीददार बैंक के नाम पर भरोसा और इस वादे पर आ जाता है चलो १० फीसदी अभी दे देते हैं बाकी कब्जा मिलने पर देना हैण उसने इतने जोर शोर से ष्नो ईएमआई टिल पजेशनष का प्रचार सुना होता है की सैकड़ों पन्ने के लगभग प्रीप्रिंटेड ऋण अनुबंध पर आंख मूंद भरोसा कर लेता है। वह किसी भी क्लाज को बदलने और बहस करने की हैसियत में नहीं रहता है ण इसमें कब्जा देने तक ब्याज या किश्त की जिम्मेदारी बिल्डर पर रहती है जिसे वह बिल्डर फ्लैट का दाम बढ़ाकर ले लेता हैण इसमें खरीददारों को घर की कीमत औरों से ज्यादा दर पर मिलती हैण खरीददार को लगता है की यह उसके लिए प्लान है जबकि यह खरीददार के क्रेडिट स्कोर की जोखिम पर बिल्डर के लिए फाइनेंसियल प्लान होता है( यदि बिल्डर फेल हुआ तो खरीददार को चौतरफा मार पड़ती हैण एक घटना ग्रेटर नॉएडा में हुई यहां एक बिल्डर ने अखबारों में ष्नो ईएमआई टिल पजेशनष का विज्ञापन देकर सबवेन्शन स्कीम में साधारण दर से अधिक दर पर फ्लैट बेचे। लोग भरोसे में आ गये ण बिल्डर जब फेल हो गया और लोगों की गाढ़ी कमाई डूबने लगी तो कोर्ट ने मोर्चा संभाला और लोगों को घर मिलना शुरू हुआ। लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं हुईए बैंक लगातार पीछे पड़ी रहीए त्क्ज तक गईए लीगल नोटिस भेजती रहीण बाद में कोर्ट ने कुछ निश्चित राहत दी और कहा की ऐसे खरीददारों का क्रेडिट स्कोर ठीक किया जाय।

# प्रकृति का चमत्कार और दुनिया को भारत का उपहार है अफीम

**जयसिंह रावत**

प्रकृति का चमत्कार और दुनिया को भारत का उपहारए अफीम अपने चिकित्सीय मूल्य में अद्वितीय है और चिकित्सा जगत में अपरिहार्य है। यह होम्योपैथी और आयुर्वेद या स्वदेशी दवाओं की यूनानी प्रणालियों में भी उपयोग पाता है। अफीम जो एनाल्जेसिकए एंटी.ट्यूसिवए एंटीस्पास्मोडिक और खाद्य बीज.तेल के स्त्रोत के रूप में उपयोग की जाती हैए औषधीय जड़ी बूटी के रूप में भी कार्य करती है।

अफीम नशे से कहीं बढ़ कर जीवन रक्षक दवा है

अफीम भले ही नशेड़ियों के लिये अनिष्टकर हो मगर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में यह जीवन रक्षक और असहनीय दर्द में राहत देने वाली दवाओं का श्रोत भी है। इसमें मार्फिनए नकोर्टीनए कोडीनए एपोमॉर्फीनए आपिओनियनए पापावरीन आदि क्षारतत्त्व ;एल्केलाइडद्ध तथा लेक्टिक एसिडए रालए ग्लूकोजए चर्बी व हल्के पीले रंग का निर्गन्ध तेल होता है। अफीम से बनी सबसे शक्तिशाली दर्द निवारक ओपिओइड है। दर्द में यह बहुत प्रभावी माना जाता है। ओपिओइड का ब्राण्ड नाम ऑक्सीकॉन्टिन ;ऑक्सीकोडोनद्ध विकोडिनए नार्को और लोर्टैब ;एसिटामिनोफेन के साथ हाइड्रोकोडोनद्ध पकोर्सेट ;एसिटामिनोफेन के साथ ऑक्सीकोडोनद्ध हैं। ऑपरेशन से पहले ट्रैंकुलाइजर और बाद के दर्द को कम करने और रोगियों को आराम दिलाने के लिए अक्सर सर्जिकल प्रक्रियाओं के बाद ओपिओइड का प्रयोग किया जाता है। कीमोथेरेपीए विकिरण चिकित्सा या अन्य कैंसर उपचारों से जुड़े दर्द को नियंत्रित करने के लिए रोगियों में अक्सर अफीम से निर्मित दवाओं का उपयोग किया जाता है। पुरानी लाइलाज बीमारियों में दर्द को कम करने के लिए इन दवाओं का उपयोग किया जाता है। कभी.कभी खांसी को दबाने के लिए एक एंटीट्यूसिव के रूप में यह उपयोग की जाती है। लोपरामाइडए का उपयोग मल त्याग को धीमा करके दस्त के इलाज के लिए भी किया जा सकता है। लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि लतए दुष्प्रभाव और अन्य जोखिमों की संभावना के कारण इनका उपयोग निर्धारित खुराक और अवधि के अनुसार और चिकित्सकीय देखरेख में ही किया जाना चाहिए।

## फॉक्सकॉन 8800 करोड़ के निवेश से लगाएगी विनिर्माण संयंत्र; वित्तीय विवरण देने में असफल रही बायजू

**नई दिल्ली।** फॉक्सकॉन ने कर्नाटक के देवनहल्ली आईटी निवेश क्षेत्र में मौजूदा इकाई के लिए 8,800 करोड़ के निवेश से एक पूरक संयंत्र लगाने का प्रस्ताव किया है। इससे 14,000 रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। राज्य के बड़े और मझोले उद्यम मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस संदर्भ में फॉक्सकॉन इंडस्ट्रियल इंटरनेट (एफआईआई) के सीईओ ब्रांड चेन्ग की अगुवाई में कंपनी प्रतिनिधियों के साथ





उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।पाटिल ने कहा, प्रस्ताव के तहत एफआईआई ने 8,800 करोड़ के निवेश की योजना रखी है। परियोजना के लिए करीब 100 एकड़ भूमि की जरूरत होगी। मंत्री ने बयान में कहा, एफआईआई फोन के लिए आवश्यक उपकरण बनाने के अलावा स्क्रीन व बाहरी कवर का भी निर्माण करेगी। यह असेंबली इकाई के पूरक संयंत्र के रूप में काम करेगा।

## सहारा के निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए रिफंड पोर्टल की होगी शुरुआत, अमित शाह करेंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।**सहारा समूह के निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए केंद्र सरकार सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च कर रही है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को दिल्ली में इसे लॉन्च करेंगे। इससे सहारा समूह की चार सहकारी समितियों के उन सभी वास्तविक निवेशकों के पैसे लौटाए जाएंगे, जिनकी जमा करने की अवधि पूरी हो चुकी है।इस पोर्टल से सहकारी समितियों के



प्रमाणिक जमाकर्ता अपने दावे ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसमें दिए गए लिंक को क्लिक करके उसमें सेबी सहारा ऑनलाइन एप्लीकेशन-2023 का पेज खुलेगा। इसमें समस्त जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

## सीतारमण बोलीं- भोजन, ऊर्जा और जलवायु बड़े मुद्दे, समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय समन्वय जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, दुनिया के सामने भोजन, ऊर्जा और जलवायु तीन बड़े मुद्दे हैं, जिनपर गहन अंतरराष्ट्रीय समन्वय की जरूरत है। जी-20 देशों के वित्त मंत्री व केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) के दो दिवसीय (17-18 जुलाई) सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जी-20 के वित्तीय ट्रैक से तीन अहम नतीजे निकले हैं, इनमें आर्थिक जोखिमों और कमजोरियों पर रूपरेखा, वित्तीय स्वास्थ्य और संस्थागत व्यवस्थाओं पर सर्वोत्तम प्रथाओं पर रिपोर्ट और महामारी प्रतिक्रिया वित्तपोषण विकल्पों और अंतरालों के मानचित्रण पर रिपोर्ट शामिल हैं। सीतारमण ने वैश्विक आर्थिक गतिविधियों के वाहक जी-20 देशों को चेताते हुए कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था का वृद्धि इसके दीर्घावधिक औसत से नीचे और असमान बनी हुई है। उन्होंने कहा, जी-20 फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप ने इस संदर्भ में खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी व्यापक आर्थिक चुनौतियों से निपटने के



तरीकों पर विचार किया है। इन मुद्दों पर विचार-विमर्श से जो नीतिगत सबक सामने आए हैं, वे स्पष्ट रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर आर्थिक सहयोग की जरूरत को रेखांकित करते हैं। महात्मा गांधी का कथन उद्धृत करते हुए सीतारमण ने कहा, भविष्य इस पर निर्भर करता है कि हम आज क्या करते हैं। उन्होंने कहा, गांधी की इस उक्ति से विश्व अर्थव्यवस्था को एक मजबूत, संतुलित और समावेशी भविष्य की ओर ले जाने के लिए जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक गवर्नरों के रूप में हमारी जिम्मेदारी सशक्त रूप से व्यक्त होती है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर वैश्विक अर्थव्यवस्था के सबसे पेचीदा मसलों में से एक है। लंबे समय से दुनिया इसका हल तलाशने में जुटी है। बहरहाल, भारत की अध्यक्षता में जी-20 इस मसले के स्थायी हल का मंच बनने जा रहा है।

## कैट ने प्रधानमंत्री से ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी परिषद के फैसले में हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**नई दिल्ली** । कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के ऑनलाइन गेमिंग को जुए से जोड़ कर जीएसटी टैक्स लगाने के फैसले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही कैट ने जीएसटी परिषद के इस फैसले का पुनर्मूल्यांकन कर इसे रद्द करने की मांग की है।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने जारी बयान में कहा कि जीएसटी परिषद का यह निर्णय उद्योग जगत के लिए विनाशकारी है। यह फैसला इसको अव्यवहार्य बना देगा। इससे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ेगी। कैट महामंत्री ने कहा कि परिषद के अनुसार यह गेमिंग उपयोगकर्ताओं को अवैध ऑफशोर वेबसाइट की ओर भी ले जाएगा, जिससे डिजिटल नागरिकों के लिए इंटरनेट कम सुरक्षित हो जाएगा।खंडेलवाल ने कहा कि यह सुरक्षित ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और इसको बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सीधा उल्लंघन है। खंडेलवाल ने कहा कि बार-बार न्यायालयों ने भी गेमिंग और जुए को एक समान मानने के फैसले को असंवैधानिक बताया है। इसलिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया गया है कि भारतीय उद्योग को बर्बाद होने से बचाएं और जीएसटी काउंसिल इस फैसले की समीक्षा करें।

कैट महामंत्री ने कहा कि यह निर्णय डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया की योजना के भी खिलाफ है। तेजी से बढ़ते इस क्षेत्र को नियमित करने और विकसित करने की जरूरत है, क्योंकि यह उद्योग को अस्थिर बना देगा और व्यवसाय को ऑफशोर जुआ प्लेटफार्मों तक ले जाएगा तथा एक उभरती हुई तकनीक को खत्म कर देगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते



के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.20 डॉलर यानी 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 78.70 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.23 डॉलर यानी 0.31 फीसदी लुढ़ककर 74.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पहले से ज्यादा आशावादी हूं: अजय बंगा

**गांधीनगर/नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वह वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत और उसकी अर्थव्यवस्था को लेकर पहले की तुलना में अधिक आशावादी है। अजय बंगा ने बुनियादी ढांचे के डिजिटलीकरण की दिशा में भारत सरकार की पहल की सराहना की। अजय बंगा ने जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की यहां आयोजित बैठक से इतर यह बात कही। एफएमसीबीजी की तीसरी बैठक में शिरकत करने आए अजय बंगा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था इस समय मुश्किल स्थिति में है। बंगा ने डिजिटल ढांचा खड़ा करने में भारत के प्रयासों की विशेष सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल ढांचे के इर्द-गिर्द विकसित ऐप आज लोगों की जिंदगी को आसान बना रहे हैं। विश्व बैंक की कमान संभालने



वाले भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बंगा ने कहा कि मैं भारत के लिए आर्थिक नजरिए से पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आशावादी हूं। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि विश्व अर्थव्यवस्था इस समय मुश्किल हालत में है। दरअसल विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ का पूर्वानुमान है कि अगले साल दुनिया के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण होगा। गौरतलब है कि अजय बंगा ने जून की शुरुआत में विश्व बैंक के अध्यक्ष का पद संभाला था।

## गोयल ने 60 रुपये प्रति किग्रा वाली 'भारत दाल' किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई से राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने सब्सिडी वाली सस्ती चना दाल की बिक्री कार्यक्रम को लॉन्च किया।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि 'भारत दाल' ब्रांड नाम के तहत चना दाल की बिक्री शुरू की गई है। केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने इसको लॉन्च किया है। सब्सिडी वाली 'भारत दाल ब्रांड नाम के तहत चना दाल के एक किलोग्राम पैक की कीमत 60 रुपये होगी, जबकि चना दाल के 30 किलोग्राम



पैक की कीमत 55 रुपये तय की गई है। मंत्रालय के मुताबिक सब्सिडी वाली चना दाल दिल्ली-एनसीआर में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) के खुदरा बिक्री केंद्रों के माध्यम से बेची जा रही है। इस नई पहल के जरिए केंद्र सरकार आम उपभोक्ताओं को मौजूदा चना स्टॉक को चना दाल में परिवर्तित कर उन्हें सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने की कोशिश कर रही है। चना दाल की मिलिंग और पैकेजिंग नेफेड द्वारा की जाती है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले टमाटर की कीमतों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी को देखते हुए खाद्य मंत्रालय पिछले शुक्रवार से नेफेड और एनसीसीएफ आउटलेट्स और मोबाइल वैन की मदद से 80 रुपये प्रति किलोग्राम के सस्ते दर पर दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई बड़े शहरों में उपभोक्ताओं को टमाटर उपलब्ध करा रहा है।

## घरेलू शेयर बाजार की तेजी से मालामाल हुए आम निवेशक, डीआईआई ने की मुनाफावसूली

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आई तेजी का फायदा जहां आम निवेशकों को मिला है, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी इस तेजी का फायदा उठा कर जमकर मुनाफावसूली की है। पिछले कुछ दिनों के दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। माना जा रहा है कि मार्केट में करेक्शन का दौर शुरू होने पर घरेलू निवेशक दोबारा खरीदारी शुरू करेंगे। स्टॉक एक्सचेंज से मिले आंकड़ों के मुताबिक पिछले 11 कारोबारी दिनों के दौरान घरेलू संस्थागत निवेशक अभी तक 10,378 करोड रुपए के शेयरों की बिकवाली कर चुके हैं। इन 11 में से 7 कारोबारी दिनों के दौरान शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड बनाए। साफ है कि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार के ऊपरी स्तर पर पहुंचने के बाद बिकवाली करके जबरदस्त मुनाफा कमाया है।

इस साल अप्रैल के महीने से लेकर अभी तक के कारोबार के



दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 14 प्रतिशत तक की उछाल आ चुकी है। इसी तरह बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी 22 से 24 प्रतिशत तक मजबूत हुए हैं। इस दौरान सेंसेक्स जहां 66,600 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा है, वहीं निफ्टी 19,700 अंक के स्तर को पार कर गया है। स्टॉक मार्केट के जानकारों के मुताबिक बाजार में जारी तेजी का फायदा उठाते हुए घरेलू संस्थागत निवेशक फिलहाल बिकवाली करके जमकर मुनाफा कमा रहे हैं। इसके पहले 2023 के शुरुआती दिनों में जब बाजार में विदेशी निवेशक जमकर बिकवाली कर रहे थे और बाजार में लगातार गिरावट आ रही थी तब घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार को सपोर्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर खरीदारी की थी। घरेलू संस्थागत निवेशकों की ओर से की गई जोरदार खरीदारी के कारण ही भारतीय शेयर बाजार दबाव का सामना करने के बावजूद धराशाई होने से बच गया था।धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के मुताबिक अब बाजार में तेजी लौटने और विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर खरीदारी करने का दौर शुरू करने के बाद घरेलू संस्थागत निवेशक साल के शुरुआती दिनों में खरीदे गए शेयर को बेचकर अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। इन निवेशकों की बिकवाली के कारण शेयर बाजार भी एकतरफा तेजी से बचते हुए संतुलित चाल में आगे बढ़ता नजर आ रहा है। प्रशांत धामी का ये भी मानना है कि शेयर बाजार ने पिछले कुछ दिनों के दौरान जो तेजी दिखाई है, उसके कारण आने वाले दिनों में बाजार में बड़ा करेक्शन होने की संभावना बन गई है। खासकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा नए ब्याज दरों का ऐलान करने के बाद माहौल अनुकूल बनने पर विदेशी निवेशक बाजार से अपना पैसा निकालने की कोशिश कर सकते हैं। उन परिस्थितियों में घरेलू संस्थागत निवेशक एक बार फिर बिकवाल की भूमिका छोड़ कर बाजार में लिवाल की भूमिका में आ सकते हैं।

## घरेलू शेयर बाजार में फिर बना ट्रिपल रिकॉर्ड, निवेशकों को 5.07 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन भी जारी रहा। शेयर बाजार ने आज एक ही दिन में ट्रिपल रिकॉर्ड बनाए। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज सबसे पहले ऑल टाइम हाई लेवल पर ओपन होने का रिकॉर्ड बनाया। दिन के कारोबार में दोनों सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचे। अंत में इन दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी रिकॉर्ड कायम कर लिया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.80 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।आज के कारोबार में बैंकिंग शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी और



विदेशी निवेशकों के रुझान की वजह से भारतीय शेयर बाजार ने शुरुआती कुछ मिनट को छोड़ कर लगातार तेजी का रुख बनाए रखा। आज के कारोबार में ब्रॉडर मार्केट में भी जमकर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निवेशकों को 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का फायदा हो गया।आज के कारोबार में फाइनेंशियल, फार्मास्यूटिकल, बैंकिंग और आईटी सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार हुई खरीदारी की वजह से मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.80 प्रतिशत की उछाल के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 303.59 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 298.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.07 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,856 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,086 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,588 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 182 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,087 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,258 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 829 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

## अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा- भारत और अमेरिका सबसे करीबी भागीदार

**गांधीनगर/नईदिल्ली,** । अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा कि अमेरिका और भारत दुनिया में सबसे करीबी भागीदारों में से है। उन्होंने कहा कि उनका देश जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के नेतृत्व की सराहना करता है। येलेन और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की गांधीनगर में चल रही तीसरी बैठक के तहत भारत-अमेरिका वार्ता से पहले यहां जारी संयुक्त मीडिया संबोधन के दौरान यह बात कही। येलेन ने कहा कि हम भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। अमेरिका और भारत दुनिया के सबसे करीबी साझेदारों में से हैं। येलेन ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसी बड़ी चुनौतियों के बीच प्रगति के लिए जी-20 की ओर देख रही है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि जी-20 में आपसी सहयोग से आगे



हम भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को काफी महत्व देते है, जो आने वाले साल में और बढ़ेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनकी मुलाकात से दोनों देशों के बीच भागीदारी और मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन की बैठक से दोनों देशों की भागीदारी और मजबूत और गतिशील हुई है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा से सहयोग के नए रास्ते खुले हैं। इससे हमारी भागीदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है।

## एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 29 फीसदी बढ़कर 12,370 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े कर्जदाता एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। बैंक का मुनाफा जून तिमाही में 29.13 फीसदी बढ़ कर 12,370.38 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 9,579.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में उसका मुनाफा 29.13 फीसदी बढ़कर 12,370.38 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 9,579.11 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। हालांकि, पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 12,594.47 करोड़ रुपये रहा था।

चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में एचडीएफसी की कुल आय बढ़कर 61,021 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 44,202 करोड़ रुपये रही थी।





इस दौरान बैंक का परिचालन खर्च बढ़ कर 15,177 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,355 करोड़ रुपये था।

एचडीएफसी ने जारी बयान में कहा कि 30 जून, 2023 तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 1.17 फीसदी रही है, जबकि मार्च तिमाही के अंत में यह 1.12 फीसदी और एक साल पहले की समान तिमाही में 1.28 फीसदी थी। गौरतलब है कि एचडीएफसी बैंक ने हाल ही में अपनी आवास वित्त क्षेत्र की मूल कंपनी एचडीएफसी का खुद में विलय किया है।

## 'हिंडनबर्ग रिपोर्ट हमारी छवि खराब करने की कोशिश', गौतम अदाणी ने फर्म पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।**अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर बयान जारी किया है। अपने बयान में अदाणी ने कहा कि 'हिंडनबर्ग रिपोर्ट भ्रामक और निराधार आरोपों पर आधारित थी। रिपोर्ट में जो आरोप लगाए गए वो 2004 से 2015 के बीच के थे और उन्हें उस समय संबंधित अथॉरिटी ने सही कर लिया था। यह रिपोर्ट जानबूझकर हमारी छवि खराब करने की कोशिश थी।'

अदाणी ने कहा कि रिपोर्ट सामने आने के तुरंत बाद हमने इसका खंडन किया। शॉर्ट सेलर फर्म द्वारा अपने निहित स्वार्थ के लिए इन दावों से फायदा उठाने की कोशिश की। सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म और विभिन्न समाचारों में भ्रामक कहानी को प्रचारित किया गया।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी का गठन कर मामले की जांच की। मई 2023 में रिपोर्ट सार्वजनिक की गई और इस रिपोर्ट में कोई नियामक गड़बड़ी नहीं मिली। इससे साफ है कि भारतीय बाजार को अस्थिर करने की कोशिश की गई। एजीएम की बैठक के दौरान कही ये बात- अदाणी समूह की वार्षिक आम सभा (एजीएम) में बोलते हुए कहा कि रिपोर्ट सामने आने के बाद हमने सब्सक्राइब्ड एफपीओ के बावजूद निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए उनके पैसे वापस करने का फैसला किया। अदाणी समूह की वार्षिक आम सभा (एजीएम) में बोलते हुए कहा कि रिपोर्ट सामने आने के बाद हमने सब्सक्राइब्ड एफपीओ के बावजूद निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए उनके पैसे वापस करने का फैसला किया।

## खराब मौसम के दौरान विमान हुआ क्रैश, 5 लोगों की मौत 8 घायल

**पोलैंडः** खराब मौसम के दौरान सेसना 208 विमान एक स्काई डाइविंग सेंटर के हैंगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अग्निशमन विभाग की प्रवक्ता मोनिका नोवाकोव्स्का-ब्रायंडा ने कहा कि मध्य पोलैंड के क्रिसिनो में दोपहर की दुर्घटना में विमान के पायलट और तूफानी मौसम के कारण हैंगर में शरण लिए हुए चार लोगों की मौत हो गई।पुलिस ने कहा कि अतिरिक्त 8 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रांतीय गवर्नर सिल्वेस्टर डाब्रोव्स्की ने कहा कि घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। क्रिसिनो वारसॉ से लगभग 45 किलोमीटर (28 मील) उत्तर-पश्चिम में है। अग्निशमन कर्मी और हवाई एंबुलेंस घायलों को नोवी ड्वोर माज़ोविकी क्षेत्र के अस्पतालों में ले गए। स्थानीय अग्निशामकों के एक अन्य प्रवक्ता कटारजीना अर्बनोव्स्का ने कहा, बचावकर्मी अभी भी अतिरिक्त पीड़ितों के लिए हैंगर की जांच कर रहे हैं। अभियोजक और पुलिस दुर्घटना के कारण की जांच कर रहे थे। यह 2014 के बाद से पोलैंड में स्काई डाइविंग से संबंधित सबसे खराब दुर्घटना थी, जब दक्षिणी शहर ज़ेस्टोचोवा के पास टोपोलो में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।



## सेना पर कमजोर पड़ रही पुतिन की पकड़? सैनिकों में असंतोष की खबरें, जवान ने अपनी ही ब्रिगेड पर की फायरिंग

**मॉस्को ।** रूस यूक्रेन युद्ध को एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है और अभी भी इसके जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। अब एक ऐसी खबर आई है, जिससे पता चलता है कि रूस की सेना में असंतोष पनप रहा है। दरअसल यूक्रेन की मिलिट्री इंटेलीजेंस ने रूसी सैनिकों के बीच की एक बातचीत को इंटरसेप्ट किया है। इस बातचीत में रूसी सैनिक उनकी ब्रिगेड में हुई गोलीबारी के बारे में बात कर रहे हैं।

यूक्रेनी इंटेलीजेंस का कहना है कि इससे रूसी सैनिकों की युद्ध के चलते प्रभावित हुई मानसिक स्थिति का पता चलता है।

मोर्चे पर जाने से रूसी सैनिकों का इनकार

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इंटरसेप्ट की गई बातचीत में एक रूसी सैनिक बता रहा है कि उसकी ब्रिगेड के एक सैनिक ने अपने ही साथियों पर गोलीबारी कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करने वाला रूसी सैनिक मारा गया। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं है कि गोलीबारी में कितने सैनिकों की मौत हुई। ऐसी रिपोर्ट्स भी आ रही हैं कि रूसी सैनिक यूक्रेन में कठिन हालात में लड़ाई लड़ रहे हैं और कुछ सैनिकों ने लड़ाई के मोर्चे पर जाने से भी इनकार कर दिया है।

## विद्रोही वैगनर के अगले कमांडर आंद्रेई ट्रोशेव कौन, पुतिन ने प्रिगोझिन का विकल्प क्यों चुना?

**मास्को।** पिछले दिनों रूस में पुतिन के खिलाफ बड़ी बगावत देखी। ये विद्रोह किसी और ने नहीं, बल्कि यूक्रेन के साथ युद्ध में उनका साथ देने वाली निजी सेना वैगनर के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन ने की। हालांकि, अब रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि रूस ने प्रिगोझिन का विकल्प तलाश लिया है। जानकारी के मुताबिक, आंद्रेई ट्रोशेव वैगनर समूह की कमान संभाल सकते हैं। आइये जानते हैं आखिर कौन हैं आंद्रेई ट्रोशेव...? आंद्रेई ट्रोशेव वैगनर सेना के एक सेवानिवृत्त कर्नल हैं। उन्हें 'सेदोई' के नाम से भी जाना जाता है जिसका अर्थ है 'भूरा बाल'। उनका जन्म पांच अप्रैल, 1953 को सेंट पीटर्सबर्ग में हुआ था। यूरोपीय संघ के प्रतिबंध दस्तावेज के अनुसार, उन्हें वैगनर समूह का संस्थापक सदस्य माना जाता है। **कई पदों पर रहे हैं ट्रोशेव** ट्रोशेव के सहयोगियों में से एक दिमित्री उत्किन है, जो जीआरयू सैन्य खुफिया विशेष बल के पूर्व अधिकारी और वैगनर समूह के सह-संस्थापक हैं। ट्रोशेव ने सोवियत संघ के दशक लंबे युद्ध के दौरान अफगानिस्तान में लड़ाई लड़ी। सोवियत संघ के विघटन के बाद, उन्होंने उत्तरी काकेशस में रूसी सेना में सेवा की। बाद में वह रूसी आंतरिक मंत्रालय की त्वरित प्रतिक्रिया विशेष बल इकाई (एसओबीआर) में कमांडर बन गए। **कई पुरस्कारों से नवाजे जा चुके** अफगानिस्तान में उनकी सेवा के लिए उन्हें दो बार ऑर्डर ऑफ द रेड स्टार से सम्मानित किया गया। 2016 में इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों के खिलाफ सीरिया में पलमायरा पर हमले में उनकी भूमिका के लिए उन्हें रूस का सर्वोच्च पदक हीरो ऑफ रूस मिला।

## अमेरिकी सेना के खुफिया जानकारी वाले हजारों ईमेल रूस के सहयोगी देश के हाथ लगे, ऐसे हुआ खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना की संवेदनशील जानकारी से जुड़े हजारों ईमेल पश्चिम अफ्रीकी देश माली के हाथ लग गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि डोमेन के नाम में गड़बड़ी के चलते अहम जानकारी लीक हुई है। जो जानकारी लीक हुई है, उसमें अमेरिका के कूटनीतिक दस्तावेज, टैक्स रिटर्न की जानकारी, शीर्ष अधिकारियों के यात्रा विवरण की जानकारी आदि शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका की सेना 'एमआईएल' डोमेन नाम का इस्तेमाल करती है लेकिन मेल भेजते समय गलती से डोमेन नाम में सिर्फ 'एमएल' टाइप हुआ, जिससे सारी संवेदनशील जानकारी माली पहुंच गई क्योंकि माली का डोमेन नाम 'एमएल' है।



गौरतलब बात ये है कि माली रूस का सहयोगी देश है। ऐसे में अमेरिकी सेना से जुड़ा यह लीक अमेरिका के लिए परेशानी का सबब भी बन सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संवेदनशील जानकारी लीक होने की घटना कोई एक बार नहीं हुई है। पहली बार करीब एक दशक पहले भी ऐसे ही अमेरिकी सेना की संवेदनशील जानकारी माली पहुंच गई थी, उसके बाद से कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसका खुलासा एक डच इंटरनेट कारोबारी जोहानेस जरबेयर ने किया है। दरअसल जरबेयर ही माली के डोमेन को मैनेज करते हैं। जनवरी 2023 से अब तक ही अमेरिकी सेना की संवेदनशील जानकारी से जुड़े करीब एक लाख सत्रह हजार ईमेल माली के डोमेन पर पहुंच चुके हैं। बुधवार को ही ऐसे करीब एक हजार ईमेल भेजे गए हैं। लीक पर क्या बोला पेंटागन जोहानेस जरबेयर ने इसकी जानकारी अमेरिकी अधिकारियों को दे दी है। साथ ही व्हाइट हाउस को भी इसके बारे में बता दिया है। इस साल लीक हुए एक ईमेल में तो अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल जेम्स मैक्कॉनविले की यात्रा से जुड़ी जानकारी लीक हो गई थी। अमेरिका के पेंटागन के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर टिम गोरमैन ने कहा इन घटनाओं पर एक बयान जारी कर कहा है कि वह स्थिति से वाकिफ हैं और इसे रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं।

## 105 ऐतिहासिक कलाकृतियां वापस करेगा अमेरिका, राजदूत बोले- इनकी असली जगह भारत

**न्यूयॉक।**भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका सरकार भारत की प्राचीन और ऐतिहासिक मूर्तियों और कला संग्रह को वापस करने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि ये कला संग्रह भारत की अमानत है और इसे भारत में ही होना चाहिए। बता दें कि अमेरिका भारत की प्राचीन और ऐतिहासिक 105 मूर्तियों को वापस भारत को सौंपने की तैयारी कर रहा है। ये मूर्तियां दूसरी से तीसरी सदी से लेकर 18वीं से 19वीं सदी के बीच की हैं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि हम भारत के कला संग्रह को उसे लौटाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत से कई बार चोरी होकर या फिर अवैध तरीके से कलाकृतियां अमेरिका या दुनिया के अन्य देश पहुंच जाती हैं।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अमेरिका के दौरे पर गए थे तो भारत और अमेरिका के बीच कल्चरल प्रॉपर्टी एग्रीमेंट पर बातचीत हुई थी। जिससे ऐतिहासिक कलाकृतियों की अवैध कालाबाजारी पर रोक लगेगी।



साथ ही दोनों देश इसे लेकर बातचीत कर रहे हैं और ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं कि भविष्य में भी अवैध रूप से अमेरिका पहुंची भारत की ऐतिहासिक कलाकृतियों को वापस लौटाया जाता रहेगा।

वैदिक काल की प्रतिमाएं लौटाएगा अमेरिका

एरिक गार्सेटी ने बताया कि अमेरिका के एरिजोना में भगवान बुद्ध की सुंदर प्रतिमा मौजूद है, जिसे जल्द ही भारत को लौटाया जाएगा। साथ ही वैदिक काल के हिंदू मंदिरों की भी कई कलाकृतिया वापस लौटाई जाएंगी। न्यूयॉर्क के मशहूर मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में एक इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी और अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू शामिल हुए। इसी दौरान एरिक गार्सेटी ने ये बातें कही। इस आयोजन के दौरान बौद्ध इतिहास से जुड़ी कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं।

भारत के स्वर्णिम इतिहास की तारीफ में क्या बोले अमेरिकी राजदूत

एरिक गार्सेटी ने कहा कि लोग भूल जाते हैं कि बुद्ध का जन्म भारत में हुआ और यह पूरी दुनिया को भारत का तोहफा है। भारत से ही बौद्ध धर्म एशिया, दक्षिण एशिया में फैला। लोग इतिहास में भारत के योगदान के बारे में नहीं जानते और हमें भारत के योगदान के प्रति आभारी होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि साल 2016 में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान 16 ऐतिहासिक कलाकृतियां लौटाई गईं थी। साल 2021 में अमेरिकी सरकार ने 157 कलाकृतियां भारत को सौंपी। अब 105 और ऐतिहासिक कलाकृतियां भारत आ रही हैं। इस तरह अमेरिका ने बीते कुछ सालों में कुल 278 ऐतिहासिक कलाकृतियों को भारत वापस पहुंचाया है।

## आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों पर लगाए दहशतगर्दी के आरोप, अमेरिका बोला- इसके सबूत नहीं

**वॉशिंगटन।** दक्षिण एशिया में आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देने वाला पाकिस्तान अब खुद अपनी जमीन पर बढ़ रही दहशतगर्दी से परेशान है। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद से ही पाकिस्तान ने लगातार सीमा पर रहने वाले अफगान लोगों और शरणार्थियों पर आतंक फैलाने का आरोप लगाया है। यहां तक कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की गतिविधियों के लिए भी शरीफ सरकार लगातार अफगानिस्तान को ही दोष दे रही है। इस बीच अमेरिका ने इन आरोपों पर पाकिस्तान को आईना दिखाया है।

व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि अब तक इस बात के कोई सबूत नहीं मिले हैं कि पाकिस्तान में रह रहे अफगान शरणार्थी या वे जो दोनों देशों की सीमा पर रह रहे हैं, वे आतंकवाद फैलाने के गुनहगार हैं। हाल ही में पाकिस्तान की सेना ने चिंता जताई थी कि उनके देश में आतंक फैलाने वालों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाना मिल रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि हमें ऐसी किसी घटना के कोई सबूत नहीं मिले हैं। उन्होंने इशारों-इशारों में पाकिस्तान को अफगान शरणार्थियों की सुरक्षा करने का संदेश भी दे दिया। किर्बी ने तंज कसते हुए कहा कि हम पाकिस्तान के साथ उसके साथ असल आतंकवाद से जुड़े खतरों से निपटना जारी रखेंगे।

**अफगान शरणार्थियों को लेकर क्या था पाकिस्तान का बयान?** पाकिस्तान की सेना ने पिछले हफ्ते ही तहरीक-ए-तालिबान के आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए कहा था कि टीटीपी के लिए अफगानिस्तान सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। बलूचिस्तान प्रांत में कट्टरपंथियों के हमले में नौ जवानों की मौत की घटना का जिक्र करते हुए सेना ने कहा था कि इस तरह की आतंकी घटनाएं बर्दाश्त के बाहर हैं और सुरक्षाबल इसका माकूल जवाब देंगे।

## पाकिस्तान में आम चुनाव 2017 की जनगणना के आधार पर कराने के संकेत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव 2017 की जनगणना के आधार पर कराए जाने के संकेत मिले हैं। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने स्पष्ट किया है आम चुनाव 2017 की जनगणना के आधार पर होंगे। इस पर मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



चुनाव सुधारों पर संसदीय समिति की बंद कमरे में हुई बैठक के बाद तरार ने संवाददाताओं से कहा कि अगर नई जनगणना को मंजूरी नहीं मिलती है तो पिछली जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्र तैयार किए जाते हैं और उसी के आधार पर चुनाव होते हैं। बैठक की अध्यक्षता आर्थिक मामलों के मंत्री सरदार अयाज सादिक ने की। तरार ने कहा कि संसदीय पैनल ने चुनाव अधिनियम में संशोधन के अपने प्रस्तावों को लगभग अंतिम रूप दे दिया है।

## सेना पर कमजोर पड़ रही पुतिन की पकड़, रूसी सैनिक ने अपनी ही ब्रिगेड पर की फायरिंग

**मास्को।** रूस यूक्रेन युद्ध को एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है और अभी भी इसके जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। अब एक ऐसी खबर आई है, जिससे पता चलता है कि रूस की सेना में असंतोष पनप रहा है। दरअसल यूक्रेन की मिलिट्री इंटेलीजेंस ने रूसी सैनिकों के बीच की एक बातचीत को इंटरसेप्ट किया है। इस बातचीत में रूसी सैनिक उनकी ब्रिगेड में हुई गोलीबारी के बारे में बात कर रहे हैं। यूक्रेनी इंटेलीजेंस का कहना है कि इससे रूसी सैनिकों की युद्ध के चलते प्रभावित हुई मानसिक स्थिति का पता चलता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इंटरसेप्ट की गई बातचीत में एक रूसी सैनिक बता रहा है कि उसकी ब्रिगेड के एक सैनिक ने अपने ही साथियों पर गोलीबारी कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करने वाला रूसी सैनिक मारा गया। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं है कि गोलीबारी में कितने सैनिकों की मौत हुई। ऐसी रिपोर्ट्स भी आ रही हैं कि रूसी सैनिक यूक्रेन में कठिन हालात में लड़ाई लड़ रहे हैं और कुछ सैनिकों ने लड़ाई के मोर्चे पर जाने से भी इनकार कर दिया है।



**वरिष्ठ अधिकारी ने भी की आलोचना** बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिसमें दिख रहा था कि रूसी सैनिकों के लड़ाई के मोर्चे पर जाने से इनकार के बाद उनके कमांडिंग अफसर ने उन्हें दंडित किया था। रूसी जनरल इवान पोपोव का भी एक ऑडियो सामने आया था, जिसमें वह वरिष्ठ सैन्य अफसरों की आलोचना करते हुए सुने गए थे।

फिलहाल उन्हें पद से हटा दिया गया है। इन घटनाओं से साफ है कि रूसी सेना पर पुतिन की पकड़ कमजोर हो रही है और युद्ध के और लंबा खिंचने से पुतिन और कमजोर होंगे। रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले पुल पर भी हाल ही में हमला हुआ था, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। रूस ने इस घटना के लिए यूक्रेन पर आरोप लगाए हैं।

## भारत के साथ नेपाल की बढ़ती रेलवे कनेक्टिविटी, तराई से पहाड़ों तक रेलवे विस्तार की पहल

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच रेल सेवा का लगातार विस्तार हो रहा है। रेलवे का लगातार विस्तार हो रहा है, वहीं नई निर्माण प्रक्रिया में भी तेजी आई है। रक्सौल शहर से काठमांडू तक भारत को जोड़ने वाली 136 किमी लंबी रेलवे का लोकेशन सर्वे अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। नेपाल के भौतिक अवसंरचना मंत्रालय में सर्वेक्षण रिपोर्ट के मसौदे पर विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव अर्जुनजंग थापा ने बताया कि अध्ययन के लिए एक समिति बनाई गई है और काम चल रहा है। रेल सेवा को भारत के जयनगर से कुर्था से बिजलापुरा होते हुए नेपाल के जनकपुर तक बढ़ा दिया गया है। कुर्था बिजलापुरा खंड 7.83 बिलियन भारतीय रुपये की लागत से बनाया गया है। भारत सरकार ने इसके लिए अनुदान सहायता प्रदान की है। जयनगर से बिजलपुरा तक रेलवे की दूरी 52 किमी है।

## जी-20 की बैठक में क्रिप्टो करेंसी के लिए नियम बनाने पर चर्चा हुई : सीतारमण

**गांधीनगर/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक में क्रिप्टो करेंसी के लिए एक व्यापक और समन्वित वैश्विक नीति तथा नियमकीय व्यवस्था बनाने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही, जी-20 सदस्य देशों ने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। गांधीनगर में एफएमसीबीजी की तीसरी बैठक समाप्त होने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैठक में जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर ने लोगों और दुनिया की बेहतरी को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बैठक में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने, सभी के लिए वैश्विक विकास को मजबूत करने एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था की मजबूती और संतुलित तथा समावेशी वृद्धि को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई गई। सीतारमण ने कहा कि क्रिप्टो करेंसी के लिए एक व्यापक और समन्वित वैश्विक नीति तथा नियामकीय व्यवस्था बनाने को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि जी-20 की अध्यक्षता कर रहे भारत ने समूह के समक्ष डिजिटल ढांचागत सुविधा के मुद्दे को रखा है। वित्त मंत्री ने कहा कि ह्यभारत ने अपनी अध्यक्षता में डिजिटल ढांचागत सुविधा के एजेंडा को जी-20 की बैठक में उठाया।

सदस्यों ने वित्तीय समावेश और उत्पादकता के लाभ को तेजी से आगे बढ़ाने में डिजिटल ढांचागत सुविधा (डीपीआई) की महत्वपूर्ण भूमिका का समर्थन किया। वित्त मंत्री ने कर्ज समाधान के लिए साझा व्यवस्था तैयार करने पर चीन की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर कहा कि चीन का रुख उत्साहजनक था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## UN रिपोर्ट में दावा-तालिबान ने अफगान महिलाओं तथा लड़कियों पर और बढ़ाए प्रतिबंध

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकार स्थिति पर जारी एक रिपोर्ट में कहा कि तालिबान अधिकारियों ने हाल के महीनों में अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों पर शिक्षा एवं रोजगार सहित प्रतिबंधों को और बढ़ा दिया है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने मई और जून के घटनाक्रम पर रिपोर्ट में कहा कि तालिबान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि केवल पुरुषों को विशेष चिकित्सा



अध्ययन के लिए परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी में स्नातक परीक्षा देने वाली मेडिकल छात्राओं पर प्रतिबंध और पिछले दिसंबर में महिलाओं के विश्वविद्यालयों में जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उसने ऐसे उदाहरण देखे हैं जिनमें तालिबान ने महिलाओं की आवाजाही और रोजगार की स्वतंत्रता पर पहले से घोषित सीमाओं को लागू किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मई की शुरुआत में, एक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन की दो अफगान महिला कर्मचारियों को तालिबान बलों ने एक हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया था क्योंकि वे बिना किसी पुरुष साथी या महरम के यात्रा कर रही थीं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट बदनाम करने की साजिश...बेबुनियाद आरोपों को मिलाकर तैयार की गई गौतम अडाणी जून में, तालिबान की खुफिया सेवा ने एक दाई को हिरासत में लिया और पांच घंटे तक पूछताछ की। खुफिया सेवा ने उसे एक एनजीओ के साथ काम जारी रखने पर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके परिणामस्वरूप दाई ने दो दिन बाद इस्तीफा दे दिया। इसमें कहा गया है, 'दो अन्य गैर सरकारी संगठनों के लाइसेंस उनके कार्यालयों में महिला कर्मचारियों की उपस्थिति के कारण अर्थव्यवस्था विभाग द्वारा निलंबित कर दिए गए।'

## बार-बार डोरबेल बजाकर भागे किशोर...भारतीय मूल के शख्स ने पीछा कर तीन को सुलाया मौत की नींदः उम्रकैद

**कैलिफोर्निया।** डोरबेल प्रैंक से गुस्साए भारतीय मूल के व्यक्ति ने एक साथ 3 मर्डर कर दिए। जिस पर अब कोर्ट ने उसे ताउम्र कैद की सजा सुनाई है। भारतीय मूल के 45 वर्षीय एक व्यक्ति को हत्या के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद पैरोल की संभावना के बिना आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। उक्त व्यक्ति ने जानबूझकर अपनी कार से एक वाहन में टक्कर मार दी थी, जिससे 16 वर्ष के तीन किशोरों की मौत हो गई थी और तीन अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दरअसल, इन लड़कों ने 2020 में उसका 'डोरबेल' बजाकर उसे परेशान किया था। जिसके बाद शख्स ने तीनों का मर्डर कर अपना बदला लिया।कैलिफ़ोर्निया के अनुराग चंद्र को अप्रैल में हत्या के तीन मामलों, हत्या के प्रयास के तीन मामलों सहित अन्य आरोपों में दोषी ठहराया गया था। जिला अटॉर्नी कार्यालय की 14 जुलाई की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जांच से पता चला कि चंद्रा ने जानबूझकर अपनी कार किशोरों के वाहन से टकरा दी थी। यह घातक दुर्घटना 19 जनवरी, 2020 की रात टेमेस्कल कैन्यन रोड पर हुई। अटॉर्नी के अनुसार, लड़के सो रहे थे। अचानक दोस्तों में एक ने 'डोरबेल डिच' करने का चैलेंज दिया। कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल की जांच के अनुसार, प्रैंक करने के लिए सभी दोस्त पास के एक घर में गए जो अनुराग चंद्रा का घर निकला। इस दौरान पहले एक लड़के ने मोडजेस्का समिट रोड पर अनुराग के घर की घंटी बजाई और वापस अपनी कार की ओर भागा। चंद्रा ने अपनी कार से लड़कों की गाड़ी का पीछा किया। लड़कों ने भागने के लिए यू-टर्न भी लिया, लेकिन, चंद्रा पीछा करते रहे।



स्क्रॉ माउंटेन रोड के पास पहुंचते ही चंद्रा ने अपनी गाड़ी की स्पीड 150 किलोमीटर स्पीड से प्रियस कार को पीछे से टक्कर मार दी। किशोरों की कार सड़क से नीचे जाकर पेड़ से जा टकराई जिसमें 3 लड़कों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए।चंद्रा घटना की सूचना दिए बिना दुर्घटनास्थल से घर लौट आया। डेनियल हॉकिन्स, जैकब इवास्कु और ड्रेक रुइज़ (सभी 16 वर्ष) की मौत हो गई थी, जबकि वाहन का 18 वर्षीय चालक और साथ ही 13 और 14 साल के दो अन्य लड़के घायल हो गए थे।

## नेपाल को जल्द ही मिलेंगे निर्माण क्षेत्रों में उपयोग के लिए भारत से विस्फोटक

**काठमांडू।** नेपाल को जल्द ही निर्माण क्षेत्रों में उपयोग के लिए भारत से विस्फोटक मिलने वाला है। विस्फोटक लाने के लिए



अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने के बाद भारत से विस्फोटक मिलेंगे। नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्णा प्रसाद भंडारी ने कहा कि भारत से विस्फोटक लाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने हिन्दुस्थान समाचार को बताया,भारत से विस्फोटक लाने की प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।

भारत द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने पर नेपाल आने वाले विस्फोटकों के दुरुपयोग की आशंका जताते हुए आयात रोक दिया गया है। फिलहाल चीन से विस्फोटकों का आयात किया जा रहा है, क्योंकि इससे नेपाल के निर्माण क्षेत्र पर असर पड़ेगा।

सरकार द्वारा विस्फोटकों के आयात की अनुमति के लिए आवेदन करने वाली निजी कंपनियों को मंजूरी दिए जाने के बाद चीन से विस्फोटकों का आयात किया जाने लगा। सैन्य प्रवक्ता भंडारी ने बताया कि नेपाली सेना से राय मांगी गई थी और सेना ने आयात की अनुमति के लिए अपनी राय दे दी है।

फिलहाल चीन से सैकड़ों टन विस्फोटक आयात किया जा रहा है। उन विस्फोटकों का इस्तेमाल नेपाल में निर्माण कार्यों में जुटी चीनी कंपनियों और उनके द्वारा शुरू की गई निर्माण परियोजनाओं में किया जा रहा है। इनमें चीनी निवेश होंगक्सी सीमेंट भी शामिल है। हालांकि पहले नेपाल भारत से विस्फोटक आयात करता रहा है लेकिन इस समय यह चीन से आयात किया जा रहा है।